हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## जिले में 100 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालात में

# बारिश से पूर्व की जानी थी मरम्मत, अब जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों में बैठ रहे हैं बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

बारिश का सीजन शुरू हो गया है, लेकिन रायपुर जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी जर्जर हालात में हैं। इन जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों को बारिश से पूर्व मरम्मत किया जाना था, लेकिन अब तक नहीं हुए हैं। छत एवं दीवारों पर दरारें पड़ने के साथ कहीं-कहीं प्लास्टर-छज्जे भी टूट कर गिर रहे हैं। इसके कारण इन केंद्रों में हर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### केस 1

नवा रायपुर के ग्राम चेरिया में सरकारी भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस भवन के छज्जों एवं छत के प्लास्टर उखड़कर गिर रहे हैं, जिसके कारण उसमें लगे लोहे भी अब प्लास्टर के साथ गिरने लगे हैं।

### केस 2

अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तेंदुवा में सरकारी भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गया है। इसके कारण यहां भी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं पर खतरा मंडरा रहा है।

### केस 3

ग्राम चिपरीडीह अभनपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भी जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची में शामिल है। इस भवन की भी मरम्मत नहीं हुई है।

### केस 4

तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खुड़मुड़ी में सरकारी भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालत में है। इस केंद्र में भी कभी भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

### केस 5

तिल्दा के ग्राम ताराशिव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भी जर्जर हालात में है। इसकी मरम्मत अब तक नहीं हुई है।

### 100 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में 1941 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें रायपुर शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 318 है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में धरसींवा, अभनपुर, आरंग, मंदिर हसौद एवं तिल्दा में कुल 1623 हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार इन आंगनबाड़ी केंद्रों में 100 से ज्यादा केंद्र जर्जर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### जर्जर भवन में गर्भवती महिलाएं भी जाने से बच रहीं

आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य, पोषण और सर्वांगीण विकास में सुधार लाना है, लेकिन जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं को भी अब डर सताने लगा है कि कहीं कोई प्लास्टर या छज्जा उन पर गिर न जाए।

### फंड जारी हुआ लेकिन मरम्मत नहीं

तिल्दा विकासखंड अंतर्गत मरम्मत के लिए लगभग 35 जर्जर भवनों को चिन्हांकित किया था, बाद में दर्जनभर केंद्रों के लिए फंड भी जारी हुआ। इसके बाद भी इन केंद्रों की मरम्मत नहीं कराइ गई है।

- स्वाति वर्मा, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

### बारिश में खतरा बढ़ जाता है

बारिश में जर्जर भवन में हादसा होने का खतरा बढ़ जाता है। जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची बनाई गई है। इन केंद्रों की मरम्मत बारिश से पूर्व होनी थी।

- संदीप यदु, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

### जवाब देने से बच रहे अधिकारी

*जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत क्यों नहीं हुई, कितने केंद्रों की मरम्मत के कितना फंड जारी हुआ, हुआ है तो मरम्मत क्यों नहीं कराई गई, इन सवालों के जवाब पाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर से मोबाइल पर संपर्क साधा गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।*

---

**खबर संक्षेप**

### शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप, 20 वर्ष कैद



**रायपुर।** शादी करने का झांसा देकर किशोरी की रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मोनिस बोस के अनुसार, कोर्ट ने राहुल क्षत्रिय को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। आरोपी ने 9 मई 2024 को शादी करने का झांसा देकर अपहरण कर उसे अपने साथ कोटा स्थित अपने मकान में ले गया था। पतासाजी करने के बाद नहीं मिलने पर किशोरी की पिता ने गुढ़ियारी थाने में 11 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बारिश के बाद बोरवेल में पानी आया 65 पानी टैंकर में 61 बंद, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

शहर में मानसूनी बारिश से राजधानी के भूजल स्तर में सुधार हुआ है। इससे अलग-अलग वार्डों में स्थापित बोरवेल में पानी आने से पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हुई है। नगर निगम के जल विभाग के मुताबिक गर्मी में पेयजल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 64 किराए के पानी टैंकर की जरूरत पड़ी, इसके साथ ही जोन से विभागीय पानी टैंकर भी चलाने पड़े, पर 16 जुलाई से निगम ने 61 किराए के पानी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जोन 9 में 20 जगहों पर चल रहा थे किराए के पानी टैंकर

*गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कुछ इलाकों में नलों से पानी की दिक्कत, बोरवेल से चल रहा काम*



### बारिश से बढ़ा बोरवेल का जलस्तर, टैंकर बंद

नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में मानसूनी बारिश के बाद वहां के बोरवेल का जलस्तर बढ़ने से वहां अब पानी टैंकर की जरूरत नही पड़ रही है। वार्ड पुष्पा-रोहित साहू ने बताया कि उनके वार्ड के तुलसीनगर, खम्हारडीह बस्ती, पावर्ती नगर, भावना नगर, सेल टैक्स कालोनी, वृंदावन कालोनी, श्रीराम नगर फेज 1 गली नंबर 6, 7 सहित अन्य रहवासी इलाकों में भूजल स्तर में सुधार होने से बोरवेल का जल स्तर बढ़ा है, इसलिए पानी टैंकर की जरूरत नहीं पड़ रही। निगम नेकिराए के पानी टैंकर को बंद कर दिया है।

### नलों में पानी की परेशानी इसलिए बोरवेल से चल रहा काम

गुरू गोविंद सिंह वार्ड में नगर निगम द्वारा लोगों के घरों में लगाए गए नलों से पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं आने से बुद्धेश्वर मंदिर बेहरा कालोनी, शीतला कालोनी, इमाम बाड़ा, सतनामी पारा बस्ती में लोगों को बोरवेल भरोसे काम चलाना पड़ रहा है। इसी तरह पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के एकता कालोनी में पेयजल की समस्या बनी हुई है, वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश का कहना है कि पेयजल समस्या दूर करने 2 स्थानों पर पूर्व में बोरवेल खनन कराया पर इसमें सफलता नहीं मिली।









# किरण ने कहा- जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस, सुशील बोले- ढाई साल में सरकार से उठा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के औंधे मुंह गिरने पर कहा, यह इस बात का स्पष्ट और जीवन्त परिचायक है कि कांग्रेस पर से न सिर्फ सदन का, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन का विश्वास भी पूरी तरह खत्म हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव के 136 बिंदुओं के आरोपों तथा कांग्रेस विधायकों के तर्कों के सामने सरकार का जनविरोधी चेहरा सदन में बेनकाब हो गया तथा विधानसभा में कांग्रेस विधायक यह साबित करने में सफल साबित हुए कि सरकार ढाई साल में ही जनता का भरोसा खो चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा पर कहा, कांग्रेस आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ी है, जहाँ उसके पास न तो कोई दिशा है और न ही कोई नेतृत्व। बिना किसी ठोस तथ्य, तर्क और आधार के लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव दरअसल भाजपा सरकार के

**कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद सियासी बयानबाजी**



खिलाफ नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी और उसके मानसिक दिवालियेपन का हताश प्रदर्शन था। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भारी बहुमत से भाजपा को सेवा का मौका दिया है। मात्र कुछ ही महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने मोदी की गारंटियों को धरातल पर उतारा है। कांग्रेस इस जन-हितैषी विकास को पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस आज पूरी तरह बिखर चुकी है। सदन में उनके पास सरकार को घेरने का कोई वास्तविक मुद्दा नहीं था।

### अविश्वास प्रस्ताव गिरा, पर सरकार बेनकाब : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जिन मुद्दों को जनता के बीच मोदी की गारंटी के नाम से प्रस्तुत कर भाजपा ने वोट लिया था वह उसी को भूल गयी। मोदी की गारंटी के अधिकांश वादे ढाई साल बाद भी भाजपा के संकल्प पत्र तक ही सीमित है। सरकार न कानून व्यवस्था संभाल पा रहा और न ही राज्य के वित्तीय व्यवस्था, आम आदमी असुरक्षित है, विकास कार्य ठप्प है, युवाओं को रोजगार नहीं मिला, प्रदेश का किसान, आदिवासी सभी का सरकार पर से भरोसा उठ गया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम से स्मार्ट मीटर पर त्वरित संज्ञान का आग्रह इदरीस ने लिखा पत्र



**रायपुर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मामले में त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि मासिक बिल अब कई गुना बढ़ गया है, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कम खपत के बावजूद अधिक बिल आने की शिकायतों से उपभोक्ताओं में चिंता और असंतोष का माहौल बन रहा है।

### छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का मुखी संवाद कार्यक्रम 26 को



**रायपुर।** छग पूज्य सिंधी पंचायत प्रदेश स्तरीय मुखी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई बैंक्वेट हॉल जोरा में होगा, जिसमें प्रदेश से लगभग 120 पंचायतों के मुखी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान समाज की एकता, उन्नति के लिए सुझाव, विचार पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नए संविधान पर भी विचार-विमर्श कर उसे अमल में लाया जाएगा। शनिवार की समाज में रिश्तों में तकलीफ, रिश्तों में टूट, रिश्तों में भरोसे की कमी पर गंभीरता से विचार कर पंचायतों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसी के तहत रायपुर शहर की समस्त पंचायतों की एक बैठक कर 26 जुलाई के मुखी संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में रायपुर की समस्त पंचायतों ने एक सुर में समाज की एकता को मजबूत करने की बात कही एवं एक संगठन की बात पर विश्वास जताया। यह आयोजन की जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि बैठक में बाबा मुरलीधर उदासी, प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी, अमर पारवानी, राज विक्रम, गिरीश लहेजा, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, अच्यूमल गावरी, अर्जुन दास ओछवानी, रमेश मिर्घानी, जीवत बजाज, तनेश आहूजा, जोधाराम वाधवाणी, प्रकाश रहेजा, मुरलीधर केवलानी, हरनाम तलरेजा, गुरनामाल रोहरा, सतराम दास बजाज, नरसा लालवानी आदि शामिल रहे।

**घर-घर पहुंचाया जा रहा स्मार्ट मीटर बदलने का आवेदन**

# कांग्रेस का स्मार्ट मीटर बदलो अभियान प्रारंभ, उपभोक्ताओं से भरवाए फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अत्यधिक बिजली बिल की समस्या को लेकर जन अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को बरसते पानी में यह अभियान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड स्थित लाखेनगर चौक बिजली कार्यालय के सामने से प्रारंभ किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने एवं बिजली बिलों की जांच की मांग से संबंधित आवेदन पत्र वितरित किए तथा उपभोक्ताओं से आवेदन भरकर बिजली विभाग में जमा करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने अभियान का समर्थन किया। अभियान के दौरान बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। अनेक उपभोक्ता स्वयं आगे बढ़कर आवेदन पत्र लेने पहुंचे और बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं।



### ये थे मौजूद

आज के कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, आकाश शर्मा, सुशांत डे, बंशी कन्नौजे, सुयश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, राज देवांगन, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, मुन्ना मिश्रा, देवकुमार साहू, दीपक चौबे, संदीप शर्मा, प्रतीक तिवारी, ऋषि देवांगन, प्रीति सोनी, मुकेश कुकरेजा, वेंकट कुमार, सुरेशजैन, मोहसिन ख़ान, ओमप्रकाश देवांगन, दिमेन्द्र डीप, अमित शर्मा, प्रणव चौबे सहित कांग्रेसियों के साथ दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

### बिरगांव में भी भरवाए आवेदन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा आम जनता के हित में स्मार्ट मीटर हटाओ–जन आवेदन अभियान की शुरुआत बिरगांव ब्लॉक से की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों से स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाएंगे तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कांग्रेस के पास लगातार आ रही शिकायतें : मेनन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लगातार लोग कांग्रेस के पास अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। हमारा उद्देश्य जनता की आवाज को संगठित कर बिजली विभाग तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच हो और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। बीजेपी सरकार महतारी वंदन में 1 हजार देकर बिजली बढ़े बिल, ट्रैफिक चालान, टैक्स वृद्धि और महँगाई के माध्यम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाकर लूट रही है।

### सभी वार्ड में चलेगा अभियान, 2 हजार आवेदन वितरित : उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि अभियान के पहले ही दिन 2,000 से अधिक आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं। जो इस बात की सूचक है की लोग स्मार्ट मीटर से परेशान हैं, इसलिए उनका अभूतपूर्व समर्थन मिला है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, अब यह अभियान रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में चलाया जाएगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर आवेदन भरवाएगा और जनता के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा।

# सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता सहित 3 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता केएस गुरुवर, कार्यपालन अभियंता अरविंद कुमार कोशले, वित्त नियंत्रक रूद्र प्रताप सिंह चौहान और वरिष्ठ लेखाधिकारी बालेंद शेखर मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह आदेश विभाग के उप सचिव की ओर से जारी किया गया है।

बताया गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा लोअर डोडकी डायवर्जन स्कीम की नहर की मरम्मत एवं लाइनिंग कार्य एमएस आर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को तकनीकी रूप से अर्ह घोषित कर 18 मार्च को खोले गए वित्तीय बिड की कार्यवाही को मनमानी, असंगत एवं अनुच्छेद 14 के विपरीत पाया गया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को एक लाख रुपये का मुआवजा भुगतान करने आदेशित किया है।

**5 दिन में मांगा जवाब**

कोर्ट की सख्ती के बाद राज्य शासन ने नोटिस जारी कर कहा है कि इस स्थिति में प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि निविदा प्रकोष्ठ द्वारा तथ्यों की अनदेखी कर, पदीय दायित्वों एवं नियमों के विपरीत लापरवाही पूर्वक कार्यवाही की गयी है। अतः आप इस कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के 5 दिवस के भीतर स्पष्ट करें।

# राज्य में समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने बनी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने एवं इसके प्रारूप का मसौदा तैयार करने के लिए शासन ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी, वहीं समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघन सिंह, एमके राऊत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योति रानी सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करने के साथ सुझाव देगी समिति , राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करेगी। इसके साथ ही विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण सहित संबंधित विषयों पर समान नागरिक संहिता के लिए सुझाव प्रस्तुत करेगी। समिति नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव प्राप्त कर उनका अध्ययन करेगी।

# केके रोड मौदहापारा अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग

**विधायक सुनील सोनी ने नामपट्टिका लगाकर किया अनावरण**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केके रोड मौदहापारा जयस्तम्भ चौक से फाफाडीह चौक तक का मार्ग अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग के नाम से जाना जाएगा। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को इस मार्ग की नामपट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के परिवारजनों द्वारा विगत दिनों उनके ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्हें इस ओर ध्यान आकृष्ट करवाया और मार्ग के नामकरण पट्टिका लगवाने का अनुरोध किया। इस पर श्री सोनी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ से चर्चा कर उन्हें केके रोड मौदहापारा में कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग की नाम पट्टिका तत्काल बनवाकर लगवाने का सुझाव दिया।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के सुझाव पर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन 2 के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जोन 2 के माध्यम से कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग नामकरण पट्टिका बनवाई। इसके बाद रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण कुमार अवधिया, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नीतू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्त्ता आकाश पाण्डेय, चांदनी देवांगन एवं जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे,स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के भतीजे अशोक शर्मा सहित उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

फीचर इंपैक्ट

BNI RAIPUR
NAVKAR JEWELLERS Presents
JOSH MEMBERS DAY | 2026
BNI REST OF CHHATTISGARH

# व्यापार, नेतृत्व और नेटवर्किंग का महाकुंभ आज

## BNI रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ प्रस्तुत "जोश 2026 मेंबर्स डे"

रायपुर, 19 जुलाई 2026। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आज व्यापार, नेतृत्व और नेटवर्किंग के सबसे बड़े उत्सव का साक्षी बनने जा रही है। विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस नेटवर्किंग संस्था BNI (Business Network International) द्वारा 'जोश 2026 मेंबर्स डे' का भव्य आयोजन Hotel Babylon International, VIP Road, Raipur में किया जा रहा है। यह आयोजन BNI रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा वार्षिक बिजनेस नेटवर्किंग महोत्सव है, जिसमें प्रदेशभर के उद्योगपति, व्यवसायी, स्टार्टअप उद्यमी, प्रोफेशनल्स एवं BNI सदस्य एक मंच पर एकत्र होंगे।

'जोश 2026' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि BNI की वैश्विक विचारधारा 'Givers Gain' को समर्पित ऐसा मंच है, जहाँ नए व्यावसायिक अवसर, मजबूत व्यावसायिक संबंध, नेतृत्व विकास और प्रेरणादायी अनुभव एक साथ देखने को मिलेंगे। यह वर्ष BNI छत्तीसगढ़ के 9 वर्षों की सफल यात्रा का भी प्रतीक है।

देशभर के BNI लीडर्स की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन में विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, श्रीकाकुलम-विजयनगरम, नागपुर, ओडिशा, भोपाल एवं सिलीगुड़ी सहित देश के विभिन्न शहरों एवं रीजन से BNI के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स एवं वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे। उनकी उपस्थिति कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर की गरिमा प्रदान करेगी।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ बनेंगी मुख्य आकर्षण**

कार्यक्रम में रायपुर रीजन के सभी BNI चैप्टरों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहेंगी। मनोरंजन, ऊर्जा और टीम भावना से भरपूर ये प्रस्तुतियाँ पूरे आयोजन को यादगार बनाएंगी।

**BNI की मजबूत पहचान**

रायपुर रीजन में वर्तमान में 20 सक्रिय चैप्टर संचालित हैं, जिनमें रायपुर के 16 एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के 4 चैप्टर शामिल हैं। इनसे 1,300 से अधिक व्यवसायी सदस्य जुड़े हुए हैं। पूरे प्रदेश में BNI परिवार 1,800 से अधिक सदस्यों के साथ रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, कोरबा एवं रायगढ़ सहित अनेक शहरों में सक्रिय है। साथ ही राजनांदगांव, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में नए चैप्टरों का गठन किया जा रहा है तथा रायपुर रीजन में 4 नए चैप्टर प्रारंभ किए जा रहे हैं। वर्तमान में BNI भारत के 143 से अधिक शहरों एवं विश्व के 76 देशों में सक्रिय है तथा पिछले 41 वर्षों से विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस रेफरल संस्था के रूप में कार्यरत है।

मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल जी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री बजरंग गोयल (डायरेक्टर, बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड) एवं श्री अरविंद अग्रवाल (डायरेक्टर, वीएनआर सीड्स) अपने प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे।

इस अवसर पर BNI रायपुर रीजन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स श्री राजेश बाईस्या एवं श्रीमती श्वेता बाईस्या सदस्यों को उत्कृष्ट नेटवर्किंग, नेतृत्व एवं व्यवसायिक विकास के लिए प्रेरित करेंगे।

'जोश 2026' आयोजन के चेयरपर्सन सुश्री अंजलि विमोचा एवं श्री मनीष अग्रवाल हैं।

यह जानकारी BNI रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के रीजनल मीडिया कोऑर्डिनेटर श्री नरेंद्र सिन्हा द्वारा प्रदान की गई।




**छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर**


BNI वह व्यावसायिक मंच है जो स्टार्टअप्स, उद्योगों, व्यापारियों, एंटरप्रेन्योर्स, आदि को अपने व्यापार के विस्तार लिए मजबूत सपोर्ट देता है। और वैश्विक व्यापार को अच्छे से समझने का अनुभव भी देता है। यह महिला उद्यमियों के लिए भी एक बेहतर मंच है। नए संबंध, नए विचार, नए अवसर – "BNI" में मिलेगा यह सब, और भी बहुत कुछ !
मो. 9392800001, 8435349884, +91 94242 00585

**कार्यक्रम की कमान: जोश के चेयरपर्सन**



**मनीष अग्रवाल**
**जोश 2026 चेयरमैन**

'जोश मेंबर्स डे सिर्फ एक आयोजन नहीं, यह हमारे सदस्यों की ऊर्जा, प्रतिबद्धता और नेटवर्किंग की शक्ति का जश्न है। इस वर्ष हम इसे और अधिक प्रभावशाली और यादगार बनाने जा रहे हैं।"
मो.: 94242 00585



**अंजली विमोचा**
**जोश 2026 चेयरमैन**

'यह मंच न केवल व्यावसायिक कनेक्शन को मजबूत करता है, बल्कि एक परिवार की तरह BNI सदस्यों को जोड़ता है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि BNI के जरिए छत्तीसगढ़ की व्यापारिक दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।"
मो. 84353 49884

BNI RAIPUR REST OF CHHATTISGARH

MAIN SPONSOR Tejomaya Designs
GOLD SPONSOR Patni Toyota
CO- SPONSORS
ASSOCIATE SPONSORS
PARTNERS
MAIN SPONSOR SAI REALITY
19th July 2026, Sunday
Hotel Babylon International, VIP Road, Raipur

**1 जून से अब तक 307.2 मिमी औसत बारिश दर्ज**

# छत्तीसगढ़ में मानसून की चौतरफा दस्तक बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसूनी बादलों के साथ ही प्रदेशभर में खेती-किसानी की गतिविधियों में तेजी आ गई है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से अब तक पूरे प्रदेश में औसतन 307.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले 10 वर्षों के आज तक के रिकॉर्ड (375.4 मिमी) का 81.8 प्रतिशत है। शनिवार को राज्य में औसतन 17.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।इस सीजन में बिलासपुर संभाग के जिलों में मानसूनी बादल सबसे ज्यादा मेहरबान रहे हैं। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है, जहां अब तक 525.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जो इसकी औसत का 178.7 प्रतिशत है। जांजगीर-चांपा में 441.5 मिमी और बिलासपुर जिला 383.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज सर्वाधिक 58.6 मिमी पानी बरसा। वहीं मुंगेली में 365.4 मिमी, सक्ती में 360.0 मिमी, कोरबा में 343.6 मिमी और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 299.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज 57.4 मिमी की तेज बौछारें पड़ीं। रायगढ़ में अब तक 283.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### सरगुजा संभाग में बलरामपुर अव्वल

उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में भी बारिश की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। यहाँ बलरामपुर जिले में औसत से 148 प्रतिशत अधिक यानी 337.5 मिमी बारिश हो चुकी है। साथ ही कोरिया में 267.9 मिमी, जशपुर में 267.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 266.8 मिमी और सूरजपुर में 252.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि, सरगुजा जिले में अब तक केवल 161.0 मिमी बारिश हुई है, जो औसत का 61.4 प्रतिशत ही है।



### रायपुर और दुर्ग संभाग में सामान्य

मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग संभागों में भी बादल झूमकर बरस रहे हैं। रायपुर संभाग के महासमुंद में 397.5 मिमी, बलौदाबाजार में 390.3 मिमी आज यहां 39.3 मिमी बारिश हुई है, गरियाबंद में 370.6 मिमी और राजधानी रायपुर में 367.8 मिमी आज यहां 12.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी में अब तक 278.8 मिमी, दुर्ग संभाग की स्थिति देखें तो दुर्ग में 331.5 मिमी, बालोद में 326.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 243.0 मिमी, बेमेतरा में 222.0 मिमी और कबीरधाम में 209.2 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि, राजनंदगांव में अब तक 142.9 मिमी ही पानी गिरा है।

### बस्तर संभाग : दंतेवाड़ा-नारायणपुर में राहत

दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बारिश का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। दंतेवाड़ा जिला 405.5 मिमी बारिश के साथ संभाग में सबसे आगे है। इसके बाद नारायणपुर में 354.0 मिमी और बीजापुर में 311.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके उलट बस्तर जिले में 292.7 मिमी, कोण्डागांव में 254.0 मिमी, सुकमा में 249.5 मिमी और कांकेर में 239.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है।

# व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगाने वाले 149 बस ऑपरेटरों को नोटिस

## परिवहन विभाग ने 23 जुलाई तक मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परमिट रद्द करने की दी चेतावनी

परिवहन विभाग ने 149 बस मालिकों को अपनी बसों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगाने पर नोटिस जारी कर 23 जुलाई तक जवाब मांगा है। संतषोप्रद जवाब नहीं मिलने पर बस मालिकों को परमिट रद्द करने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है, बस मालिक अपनी बसों में जीपीएस लगाकर ही काम चला रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी सार्वजनिक वाहन में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी लगाने आदेश जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए परिवहन विभाग ने राज्य के सभी बस मालिकों को अपनी बसों में वीएलटीडी लगाने निर्देश जारी किया। निर्देश जारी होने के बाद 149 बस ऑपरेटरों द्वारा अपनी बसों में वीएलटीडी नहीं लगाए जाने की परिवहन विभाग के अधिकारियों को जानकारी मिली। इसके बाद विभाग ने उन बस मालिकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बस ऑपरेटर अपनी बसों में जीपीएस लगाकर काम चला रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी बसों में वीएलटीडी लगा लिया है, ऐसे बस ऑपरेटरों को दस्तावेज पेश कर निर्धारित शुल्क जमा करने के निर्देश दिए हैं।



### बसों का नहीं बनेगा फिटनेस सर्टिफिकेट

बसों में वीएलटीडी नहीं लगाने वाले बस ऑपरेटरों के परमिट रद्द करने की कार्रवाई अंतिम होगी। इसके पूर्व इन बस ऑपरेटरों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। बस ऑपरेटरों को अपनी बसों में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी लगाना है। बसों में वीएलटीडी लगे होने से परिवहन विभाग के अफसर बसों की आवाजाही पर निगरानी कर सकते हैं। साथ ही इससे बसों की निगरानी होगी। घटना होने पर बसों की लोकेशन के आधार पर त्वरित मदद पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### प्रणवानंदा अकादमी ने किया कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

रायपुर। प्रणवानंदा अकादमी द्वारा कक्षा छठवीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि, पर्यावरण संरक्षण तथा वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया तथा अनेक प्रकार के फलदार वृक्षों, सब्जियों एवं औषधीय पौधों को उनके वानस्पतिक नामों सहित देखा-समझा। उन्होंने पौधों की पहचान, फसलों की खेती तथा टिकाऊ (सतत) कृषि पद्धतियों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को जैविक (ऑर्गेनिक) खेती की अवधारणा से भी अवगत कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, मृदा प्रबंधन तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में भी जानकारी प्राप्त की।

### महेद्र गढ़ेवाल का निधन सभापति ने जताया शोक



रायपुर। रायपुर नगर पालिक निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी व महादेव नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी महेन्द्र कुमार गढ़ेवाल के शनिवार को आकस्मिक निधन पर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने शोक व्यक्त किया है। सभापति ने दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर उनके परिवारजनों को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है। महेन्द्रकुमार गढ़ेवाल की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे लवलेश के पिता थे।

## निधन

### पुष्पा बाई कोचर



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी पुष्पा बाई कोचर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. पारसमल कोचर की पत्नी, दिलीप एवं बसंत कोचर की माता थीं।

## सफाई व्यवस्था लचर, नालियां प्लास्टिक पन्नी, रैपर से पैक

# शहर में जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ बजरी उखड़ी, सड़क की हालत खस्ता

## पैदल चलना मुश्किल, कूड़ा के साथ बिखरी गंदगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की सफाई व्यवस्था लचर होने और नाले-नालियों में प्लास्टिक पन्नी, खाने -पीने के सड़े गले समान, रैपर, गुटका के खाली पाउच सहित अन्य तरह के अपशिष्ट जमा होने से गंदगी बढ़ रही है। नालियों से उठाया गया कचरा समय पर नहीं उठाने से उसमें दुर्गंध आने लगी है।

यही नहीं, कूड़ा सड़क पर बिखरने लगा है। इससे बारिश के सीजन में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वहीं बारिश में सड़कों पर गड्ढे में गंदा पानी भरने, बजरी उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। इसके कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया, तिपहिया व चारपहिया चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह स्थिति राजधानी के प्रमुख मार्ग कालीबाड़ी चौक की सड़क पर देखी जा सकती है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। इसी तरह शैलेंद्र नगर, कटोरातालाब, छत्तीसगढ़ नगर, टैगोर नगर चौक में खस्ता हाल सड़कों की वजह से लोग परेशान हैं।

**केस 1**

### शैलेंद्र नगर मार्ग

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित शैलेंद्र नगर इलाके के मुख्य मार्ग की सड़क किनारे गंदगी की भरमार होने से इस मार्ग मे आने-जाने वाले परेशान हैं। नगर निगम के सफाई कर्मचारी नालियों से निकाले गए कूड़े को सड़क किनारे छोड़ दिए हैं। वहीं मार्ग के दूसरे तरफ की नालियां पूरी तरह से जाम है, तेज बारिश होने पर नालियों पर जमा कूड़ा बारिश के गंदे पानी के साथ सड़क पर पूरी वेग के साथ बहते हुए देखा जा सकता है। नालियों की सफाई नियमित नहीं होने से यह स्थिति निर्मित होती है, जबकि इस मार्ग पर स्कूल-कालेज आने-जाने वाले विद्यार्थी, कामकाजी महिलाएं और आसपास के कालोनियों के रहवासी का आना-जाना लगा रहता है। लोगों का कहना है जोन स्तर पर भी इसकी मानिटरिंग प्रापर नहीं हो पा रही है। यही वजह से है कि बारिश के सीजन में इस मार्ग से आवाजाही में परेशानी होती है।

**केस 2**

### टैगोर नगर की सड़क खराब जगह-जगह कट और गड्ढे

पुजारी पार्क से टैगोर नगर मार्ग की सड़क खस्ताहाल होने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, बारिश का गंदा पानी गड्ढों में भरने और सड़क के कोर उखड़ने से गाड़ियों के स्लीप होने का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग के मरम्मत पर ध्यान नहीं देने से सड़क की हालत खराब है। इस मार्ग का उपयोग आधा दर्जन से अधिक कालोनी के रहवासी करते हैं। इसके साथ ही कटोरातालाब, शैलेंद्रनगर पचपेड़ी नाका सहित अन्य क्षेत्र की इस मार्ग से कनेक्टीविटी बनी हुई है। सुबह से लेकर देर शाम तक इस मार्ग में आवाजाही होने से खराब सड़क में होकर गुजरने से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

**केस 3**

### माता कौशल्या विहार मुख्य द्वार पर भरा गंदा पानी

रायपुर विकास प्राधिकरण के अहम प्रोजेक्ट माता कौशल्या विहार के मुख्य द्वार के सामने वाली सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरा हुआ है। माता कौशिल्या विहार के अलग-अलग सेक्टरों में रहने वाले इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे मे मुख्य मार्ग की सड़क पर पानी भरने से लोगों को असुविधा हो रही है। प्राधिकरण द्वारा गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत प्राधिकरण कार्यालय में भी की है।

**केस 4**

### कालीबाड़ी चौक में जलभराव कीचड़, ठेले गुमटियों की भरमार

शहर के प्रमुख कालीबाड़ी चौक में बारिश का गंदा पानी सड़क पर भरने से वहां कीचड़ जमा हुआ है। सड़क पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से पैदल चलने वालों को गंदे पानी के छीटे और कीचड़ की चिंता बनी रहती है। सड़क के फुटपाथ पर ठेले-गुमटियों के जमावड़े से दुपहिया, तिपहिया चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर गड्ढे बन गए है। जगह-जगह गिट्टी उखड़कर बाहर आ गई है। इससे गाड़ियों के स्लिप होने का खतरा बना हुआ है। ट्रैफिक जाम की स्थिति में दिक्कत और बढ़ जाती है।

# हर शनिवार 35 सफाई कामगारों का विशेष गैंग लगाकर एक वार्ड की कराई जाएगी सफाई

## जोन 7 कमिश्नरी की बैठक में पार्षदों से चर्चा के बाद लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हर वार्ड से 5 सफाई कर्मचारी, इस तरह 7 वार्ड से 35 सफाई कर्मचारी जुटाएंगे



रायपुर नगर निगम जोन 7 में जोन आयुक्त डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और वार्ड पार्षदों की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शनिवार को जोन एक वार्ड में 35 सफाई कर्मचारियों का विशेष गैंग लगाकर वार्ड की सफाई करवाई जाएगी। इसके लिए हर वार्ड से 5 सफाई कर्मचारी लिए जाएंगे, इस तरह 7 वार्ड से 35 कर्मचारी जुटाकर विशेष सफाई अभियान बारी-बारी से जोन 7 के सभी वार्डो में चलाया जाएगा।

बैठक में जलभराव की समस्या के कारण और समस्या के निराकरण को लेकर जोन के अधिकारी कर्मचारी व वार्ड पार्षदों की चर्चा हुई। इस तरह 7 वार्डो की समस्या जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के समक्ष पार्षदों द्वारा रखी गई। बैठक में निर्माण कार्य में देरी, वेंडिग जोन के लिए सर्वे कराने और अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही बारिश के सीजन में मौसमी बीमारियों को लेकर वार्डवासियों को जागरूक करने, एमएमयू भेजकर स्वास्थ्य शिविर लगाने और विकास कार्यो को तेज करने के अलावा कार्य आदेश के बाद भी समय पर विकास कार्य नहीं करने वाले संबंधित ठेकेदारों को काली सूची में दर्ज करने पर सहमति बनी। आमानाका के वेंडिग जोन और सीएसआरमद में एक वेंडिग जोन विकसित करने का निर्णय लिया गया।

नगर निगम जोन 7 कार्यालय में हुई बैठक में जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, पार्षद आनंद अग्रवाल, मीना ठाकुर, रोनिता प्रकाश जगत, दीप-मनीराम साहू सहित कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस सहित जोन 7 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### रायपुर जीएसटी बार एसोसिएशनः संजय कंदोई दोबारा अध्यक्ष, प्रवीण शर्मा बने सचिव





रायपुर। रायपुर जीएसटी बार एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा संपन्न हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। संजय कंदोई को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष तथा प्रवीण शर्मा को सचिव चुना गया। बैठक में सचिव प्रवीण शर्मा ने गत वर्ष की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि आय-व्यय विवरण एवं आगामी वर्ष का बजट सीए रसिक चौहान ने रखा। अध्यक्षीय संबोधन में संजय कंदोई ने नए सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान स्टडी सर्किल एवं सेमिनार के वक्ताओं को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। बार सदस्यों के मेधावी बच्चों, समान नागरिक संहिता समिति के सदस्य एम.एल. पवार तथा विधि प्रकोष्ठ के महेश शर्मा, आलोक अग्रवाल, मनीष बजाज और महेंद्र पंसारी को भी सम्मान प्रदान किया गया। आगामी चुनाव के लिए अशोक अग्रवाल, दयाल राजपाल और डी.आर. लड्ढा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में बीपी पाण्डेय, टीआर दवे, आशुतोष श्रीवास्तव सहित अनेक कर सलाहकार उपस्थित रहे। संचालन प्रवीण शर्मा एवं आभार प्रदर्शन मनीष बजाज ने किया।

### मैट्स विवि में एआई आधारित औषधि खोज पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन



आरंग। मैट्स स्कूल ऑफ फार्मेसी, मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग परिसर द्वारा 'औषधि खोज एवं विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उभरती प्रवृत्तियां' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन हुआ। इस संगोष्ठी में देशभर के विशेषज्ञों ने औषधि विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव तथा कुलसचिव डॉ. गोकुलानंद पांडा की उपस्थिति में हुआ। प्रत्येक तकनीकी सत्र के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. अमित कुमार नायक ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, संकाय सदस्यों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

## पेज 11 के शेष ...

### बारिश से पूर्व ....

दिन हादसा होने का खतरा भी मंडरा रहे है। कई आंगनबाड़ी केंद्र की महिला कार्यकर्ता बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें बंद कर दूसरे भवनों में संचालित कर रही हैं। हरिभूमि ने शनिवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की, जिसमें इसका खुलासा हुआ। ***दूसरे या किराए के भवन में संचालित हो रहे कई केंद्र*** : जर्जर हो चुके कई आंगनबाड़ी केंद्रों की महिला कार्यकर्ता बारिश के मौसम में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में ताला जड़कर गांव में ही दूसरे भवन में संचालित करने के लिए मजबूर हो रही हैं। इनमें कई कार्यकर्ता तो किराए का भवन लेकर केंद्र संचालित कर रही हैं। ***पहले से 500 से ज्यादा केंद्र किराए के भवन में संचालित*** : जिले में पहले से ही 500 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों के एवज में विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रति भवन किराया के रूप में लगभग 3 हजार रुपए का भुगतान भी करता है।

### 100 से ज्यादा ....

स्थिति में हैं। बताया गया कि विकासखंडवार इसकी सूची भी बन चुकी है, जिसमें से अति जर्जर हो चुके केंद्रों की मरम्मत के लिए विभाग ने फंड भी जारी किया था, ताकि बारिश से पूर्व इन केंद्रों की मरम्मत कराई जा सके। इस फंड के जारी होने के बाद भी अभी तक इस्तेमाल नहीं हुआ है, जिसके कारण अति जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात जस की तस है।

### बारिश के बाद ....

टैंकर को बंद कर दिया है। शहर में केवल 4 किराए के पानी टैंकर ही चल रहे हैं। यह पानी टैंकर जोन 2 व जोन 4 के कुछ क्षेत्र में हैं। आने वाले दिनों में इन 4 किराए के पानी टैंकर की भी जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि नगर निगम के पास खुद के विभागीय पानी टैंकर पहले से मौजूद हैं। दरअसल, रायपुर नगर निगम के 11 वार्डो में पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने पानी की किल्लत दूर करने किराए के पानी टैंकर चलाने ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें प्रति ट्रिप दर के आधार पर 6 ठेकेदारों को इस कार्य के लिए किराए के पानी टैंकर संचालित करने का कार्य मिला। जल विभाग ने इस बार किराए के पानी टैंकर के लिए 1.50 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा। नगर निगम 4 वार्डो में इस बार की गर्मी में जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकर चलाने की स्थिति निर्मित हुई। इसमें सबसे ज्यादा किराए के पानी टैंकर शहर के आउटर में स्थित जोन 9 के जलसंकट प्रभावित वार्डो में रही। 23 पानी टैंकर किराए पर चलाने पड़े। इसी तरह जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह बस्ती, वृंदावन कालोनी, पावर्ती नगर, सेल टैक्स कालोनी और भावना नगर बस्ती में पानी संकट दूर करने टैंकर भेजना पड़ा। इसी तरह गुरूगोविंदसिंह वार्ड शीतला कालोनी, बेहरा कालोनी, कालीनगर बस्ती, झंडा चौक,सतनामीपारा, राजा बाड़ा, पंडरी मार्केट चर्च के पास, इमाम बाड़ा, ताज नगर, प्रगति नगर, बीएचपी कालोनी, अनुव्रत कालोनी में पानी टैंकर की जरूरत पड़ी। जोन 1 के भनपुरी के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड पेयजल संकट को लेकर जोन घेराव की नौबत तक आई। लोगों की शिकायत रही कि उनके यहां नगर निगम के नलों से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। इसलिए पेयजल की समस्या दूर करने किराए के पानी टैंकर चलाने पड़े। जोन 5 के भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासी इलाकों में भी पेयजल की समस्या को देखते हुए किराए के पानी टैंकर चलाने पड़े। ***20 जगहों पर चल रहे थे पानी टैंकर, 2 दिन से बंद*** : नगर निगम जोन 9 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा का कहना है कि उनके जोन के माध्यम से पूर्व में 20 जगहों पर किराए के पानी टैंकर की जरूरत पड़ती थी, 2 दिन पहले पानी टैंकर बंद कर दिए हैं । ये पानी टैंकर प्रधानमंत्री आवास, और अलग-अलग वार्डो के स्लम बस्ती में पेयजल संकट दूर करने चला रहे थे।

### आम-सूचना

सर्वसाधारण, आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शुभम यादव, पिता- स्व. अनिल यादव, निवासी गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेतागण श्री अर्जुन यादव, पिता स्व. समोधी यादव, निवासी यादव होटल के पीछे गुढ़ियारी रायपुर, (छ.ग.) एवं श्रीमती संतोषी यादव, पति श्री कमल नारायण यादव, निवासी वार्ड नंबर 2 कोसा नगर, नेहरू नगर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि वाके मौजा ग्राम गुढ़ियारी, पटवारी हल्का नं. 49, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 82/1 रकबा 0.0450 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 78/1 रकबा 0.0280 हेक्टेयर, कुल खसरा 2, कुल रकबा 0.0730 हेक्टेयर भूमि है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर विक्रेता अग्रिम (बयाना) राशि प्राप्त कर लिया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है, उक्त भूमि के बैनामा पंजीयन के संबंध में मेरे पक्षकार एवं विक्रेता के मध्य विवाद विद्यमान है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार एवं विक्रेतागण के मध्य विवाद विद्यमान है। उक्त विवाद के अंतिम निराकरण तक यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, बंधक, ऋण, हस्तांतरण अथवा अन्य कोई लेन-देन करता है, तो वह पूर्णतः अपने स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर करेगा। ऐसे किसी भी लेन-देन से उत्पन्न होने वाले विवाद, हानि अथवा विधिक परिणामों के लिए मेरे पक्षकार उत्तरदायी नहीं होंगे तथा मेरे पक्षकार भविष्य में अपने समस्त वैधानिक अधिकार एवं उपचार सुरक्षित रखते हैं।

सो सूचना जाने ।

भावना राजपूत
अधिवक्ता
बार रूम नं 107,
सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18/07/2026

### आम-सूचना

दिनांक 18.07.2026

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण नरेन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल दोनो पिता चौथमल निवासी- बैजनाथ रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं 10, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 558/1 रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा । जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

एस.एस. चंदेल
(अधिवक्ता)
पता- संगम आटा चक्की गली,
कृष्णानगर, संतोषी नगर,रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873

### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सुनील अग्रवाल पिता चौथमल व कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल निवासी- बैजनाथ रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं 10, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 558/5 रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18.07.2026
एस.एस. चंदेल (अधिवक्ता)
पता- संगम आटा चक्की गली,
कृष्णानगर, संतोषीनगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873



## खबर संक्षेप

### विवाहिता से बदसलूकी आरोपी पंच की तलाश

चंदखुरी। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम संकरी में पंच खेमन लाल साहू पर गांव की ही एक 23 वर्षीय विवाहिता के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने का संगीन आरोप लगा है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना 15 जुलाई की रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता दुकलहिन साहू (बदला हुआ नाम) का पति काम के सिलसिले में रायपुर गया हुआ था। महिला घर पर अपने दो मासूम बच्चों के साथ अकेली थी। इसी सूनेपन का फायदा उठाते हुए आरोपी पंच खेमन लाल साहू बदनीयती के साथ जबरन घर के भीतर दाखिल हो गया। आरोप है कि आरोपी ने महिला को दबोच लिया और उसके साथ जबरदस्ती की। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोस में रहने वाला कुलेश्वर यादव दौड़ते हुए मौके पर पहुंचा, तो पोल खुलने के डर से आरोपी पंच खेमन साहू वहां से नौ दो ग्यारह हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 17 जुलाई को मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उसे अभिरक्षा में ले लिया जाएगा।



### नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

आरंग। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को आरंग पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, हीरा मनहरे (22 वर्ष), पिता कोदन मनहरे, निवासी ग्राम घुमराभांठा, थाना आरंग ने क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया था। आरोपी ने अपने साथ रखने के दौरान पीड़िता के साथ लगातार दुष्कर्म किया। बाद में 28 जून 2026 को वह नाबालिग को छोड़कर फरार हो गया था। घटना की शिकायत के बाद आरंग थाना में प्रकरण दर्ज कर पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच 18 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने गृह ग्राम घुमराभाठा आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### प्रेरणा कार्यक्रम के लिए आदित्य के चयन पर हर्ष

आरंग। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए संचालित 'प्रेरणा' कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री अरुंधति देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आरंग के कक्षा 12वीं (गणित संकाय) के मेधावी छात्र आदित्य सच कपूर का चयन हुआ है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को गुजरात के वडनगर स्थित ऐतिहासिक विद्यालय में एक सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर एवं प्राचार्य श्रीमती संध्या रानी बारीक ने आदित्य को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।



# पूर्व विधायक देवजी पटेल का व्हाट्सएप हैक, कार्यालय प्रभारी भी निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल का व्हाट्सएप नंबर साइबर अपराधियों द्वारा हैक किए जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार शाम करीब 6 बजे जैसे ही यह खबर फैली, पूरे विधानसभा क्षेत्र और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। शातिर हैकर्स ने पूर्व विधायक का व्हाट्सएप हैक करने के बाद उनके संपर्क में रहने वाले लगभग हजारों कार्यकर्ताओं, परिचितों और समर्थकों को मैसेज भेजकर मोटी रकम की मांग शुरू कर दी। इतना ही नहीं, हैकर्स ने पूर्व विधायक के कार्यालय प्रभारी अंकित शर्मा के मोबाइल नंबर को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। इसके बाद हैकर खुद लोगों को फोन लगाकर न सिर्फ रुपयों की मांग करते रहे, बल्कि उनके साथ बेहद बदतमीजी और अभद्र व्यवहार भी करते रहे। इस बड़ी घटना ने क्षेत्र में डिजिटल सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी है।

**साइबर फ्रॉड का खुलासा होते ही इलाके में मची दहशत :** इस साइबर फ्रॉड का खुलासा तब हुआ जब क्षेत्र के कई भाजपाइयों और आम नागरिकों के पास पूर्व विधायक के नंबर से अचानक रुपयों की मांग वाले संदेश पहुंचने लगे। जब सैकड़ों लोगों के पास एक साथ ऐसे संदेश पहुंचे, तो कार्यकर्ताओं को संदेह हुआ और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना देवजी भाई पटेल को दी। अपने और अपने कार्यालय प्रभारी के नंबर हैक होने की खबर से पूर्व विधायक भी सन्न रह गए।

## साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद, हजारों लोगों से रकम की मांग




### पुलिस की कार्यप्रणाली को बताया लचर



*इस पूरे घटनाक्रम पर गहरा आक्रोश जताते हुए पूर्व भाजपा विधायक देवजी भाई पटेल ने पुलिस और साइबर विभाग को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पुलिस विभाग ने दिखावे के लिए साइबर सेल तो खोल दिए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पुलिस आज तक असली हैकर्स और मुख्य आरोपियों तक पहुंचने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। जब भी कोई पीड़ित शिकायत लेकर जाता है, तो पुलिस विभाग कार्रवाई करने के बजाय केवल सिम कार्ड बंद करने की औपचारिकता और कागजी सलाह देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। इस लचर व्यवस्था के कारण अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। उन्होंने मांग की है कि पुलिस अपनी इस सुस्त कार्यप्रणाली को बदले और तकनीकी रूप से सक्षम होकर इन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजे, ताकि आम जनता की गाढ़ी कमाई सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी झांसे में न आएं और कोई भी डिजिटल भुगतान न करें। फिलहाल साइबर सेल मामले की जांच में जुटी है।*

## कार्रवाई : जांच जारी और विभाग की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार

# सील आरा मिल में दूसरे दिन भी की कार्रवाई, एक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- लिए गए बयानों में संदिग्ध बातें हो रही है उजागर

नगर में स्थित हुकुमचंद वामनचंद शॉ आरा मील में संदिग्ध सरई (साल)के गोलों की बरामदगी के मामले में शनिवार को दूसरे दिन भी सुबह 8 बजे से देर शाम तक वन विभाग की जांच जारी रही। रायपुर उडऩदस्ता टीम के साथ कोरबा एवं रायपुर वन मंडल के रेंजर, डिप्टी रेंजर और अन्य अधिकारी पूरे दिन मील परिसर में जांच करते रहे। देर शाम तक वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में लकड़ी कोरबा वन मंडल क्षेत्र से लाई गई होना सामने आया है। इसी आधार पर संबंधित व्यक्ति सुनील गुप्ता के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लकड़ी को जब्त कर कोरबा भेजी गई है। जांच के दौरान मील संचालक वामनचंद का कहना है कि इमारती लकड़ी के साथ दूसरी प्रजाति की लकड़ी अनजाने में उनके परिसर में उतर गई थी और इसकी सूचना उन्होंने स्वयं वन विभाग को दी थी। वहीं सुनील गुप्ता ने भी बयान दिया कि सीएसईबी परिसर में कटाई की गई लकड़ी को मजदूरों ने गलती से दूसरी गाड़ी में लोड कर भेज दिया और उस समय वह मौके पर मौजूद नहीं था। वन विभाग ने अभी तक मामले में आधिकारिक रूप से जब्त लकड़ी की मात्रा, जांच के निष्कर्ष या आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है। जांच जारी है और विभाग की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इस संबंध मे रेंज ऑफिसर सीपी महोबिया ने बताया कि यहां मील मे जप्त माल का प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कोरबा से आये आरएफओ जयंत सरकार एवं टीम को लकड़ी को सुपुर्द किया गया है ।



हरिभूमि फॉलोअप

### गोलों को दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने का प्रयास

हालांकि पूरे मामले में इन बयानों पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उडनदस्ता टीम के पहुंचने से पहले मील परिसर से निजी ट्रैक्टर और हाइड्रा क्रेन के जरिए लकड़ी के गोलों को दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अभनपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर गातापार में सरई लकड़ी गोला से भरा एक निजी ट्रैक्टर जब्त किया गया। अगले दिन नायकबांधा रोड पर भी एक अन्य स्थान पर छिपाकर रखे गए लकड़ी से लोडिंग ट्रैक्टर को वन विभाग ने बरामद किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लकड़ी वास्तव में गलती से मील परिसर में उतारी गई थी तो उसे दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

### क्रेन के बिना भारी गोले की लोडिंग संभव नहीं

बरामद सरई के गोले 20 से 22 फीट लंबे तथा अत्यधिक पुराने और उच्च गुणवत्ता वाले वृक्षों के हैं, जिन्हें बिना क्रेन की सहायता से लोड करना संभव नहीं है। ऐसे में इन्हें गलती से भेजे जाने का दावा कई सवाल खड़े करता है। मामले में यह भी चर्चा है कि जांच का आधार मुख्य रूप से संबंधित व्यक्तियों के बयानों को बनाया जा रहा है, जबकि घटनाक्रम और बरामदगी की परिस्थितियों की गहन पड़ताल आवश्यक है पूरे घटनाक्रम को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली और जांच की निष्पक्षता पर भी स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं।

# प्रेमिका की हत्या के आरोप में ट्रक चालक सोनू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



- चरित्र शंका की थी निर्मम हत्या

आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम पारागांव स्थित महानदी तट पर महिला का शव मिलने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने चरित्र शंका के चलते अपनी प्रेमिका की धारदार वस्तु एवं मारपीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, 13 जुलाई को पारागांव श्मशान घाट के समीप महानदी किनारे रुकमणी सोनवानी का खून से लथपथ शव बरामद हुआ था। सूचना मिलने पर आरंग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। एफएसएल टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग भेजा गया। बाद में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए शव को मेकाहारा अस्पताल, रायपुर रेफर किया गया। जांच के दौरान मृतका के पुत्र सागर सोनवानी, भाई रोहित बंजारे सहित अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

पूछताछ में मृतका के पुत्र ने बताया कि उसकी मां का पिछले छह-सात वर्षों से ट्रक चालक सोनू सरदार के साथ प्रेम संबंध था। पुलिस जांच में सामने आया कि 12 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे आरोपी सोनू सरदार ने चरित्र शंका को लेकर रुकमणी सोनवानी से विवाद किया। विवाद के दौरान उसने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए महिला को तालाब पार से महानदी की ओर ले गया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका का पुत्र अपने पड़ोसी युवराज सेन के साथ मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक दोनों वहां से जा चुके थे। अगली सुबह महानदी किनारे महिला का शव बरामद हुआ। शव के जांघ, कुल्हे, हाथ, पैर तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटों के निशान मिले। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, गवाहों के बयानों तथा प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपी ने धारदार वस्तु और हाथ-मुक्कों से हमला कर महिला की हत्या की। प्रथम दृष्टया हत्या की पुष्टि होने पर आरंग थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी सोनू सरदार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# सिंधी सेवा महापंचायत सम्मेलन पर विवाद, समाज को तोड़ने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

- सिंधी सेवा महापंचायत असवैधानिक : महेश दरयानी




सिंधी समाज के भीतर संगठनात्मक विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। 19 जुलाई को तिल्दा में प्रस्तावित सिंधी सेवा महापंचायत के सम्मेलन को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों ने विरोध जताय है । विरोध करने वालों का आरोप है कि इस तरह के समानांतर संगठन समाज को एकजुट करने के बजाय विभाजित करने का काम कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष महेश दरियानी हैं, लेकिन उनके निर्वाचन के बाद कुछ लोगों ने अलग संगठन सिंधी सेवा महापंचायत का गठन कर लिया। तब से ही दोनों संगठनों के बीच वैचारिक मतभेद और संगठनात्मक विवाद लगातार सामने आते रहे हैं।

इसी क्रम में तिल्दा में आयोजित किए जा रहे सम्मेलन को लेकर समाज में विरोध के स्वर और तेज हो गए हैं। विरोध करने वालों का कहना है कि समाज से बड़ा कोई संगठन नहीं होता और यदि संगठन ही समाज को बांटने लगें तो उसका नुकसान पूरे समाज को उठाना पड़ता है।

इस मामले में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरियानी ने कहा कि सिंधी सेवा महापंचायत किसी भी प्रकार से वैधानिक संगठन नहीं है और उसका उद्देश्य समाज को विभाजित करना है। उन्होंने बताया कि पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अंतर्गत रायपुर में 43 तथा प्रदेशभर में 128 पंचायतें सक्रिय हैं, जो समाज सेवा, चिकित्सा, खेल, योग एवं सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा सक्रीय रहता है पंचायत 55 से अधिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कर चुकी हैं।

हाल ही में बिलासपुर में आयोजित विभिन्न पंचायतों के अध्यक्षों की बैठक में भी 19 जुलाई को प्रस्तावित सम्मेलन का विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था और समाज को विभाजित करने वाले किसी भी प्रयास का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

इधर, तिल्दा के समाज सेवी सिंधी पंचायत के पूर्व कार्यकारणी अध्यक्ष सुन्दर पंजवानी,पूर्व उपाध्यक्ष लख्मीचंद नागवानी ,,राहुल तेजवानी सहित भाटापारा ,ब्लुबलौदा बाजार .भिलाई खुर्सीपार ,बिलासपुर के पंचायत सदस्यों ने भी प्रस्तावित सम्मेलन का विरोध करते हुए कहा कि समाज के नाम पर कुछ स्वयंभू लोग नेतृत्व स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने तिल्दा सिंधी पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की। सिंधी समाज के सिपाही संजय कुमार ने इस आयोजन को अलीबाबा की दरबार करार दिया है। उन्होंने ने प्रदेशभर के सिंधी पंचायत अध्यक्षों से अपील की है कि वे समाज की एकता बनाए रखने के लिए इस सम्मेलन का विरोध करें तथा सिंधी सेवा महापंचायत को पत्र लिखकर समाज को विभाजित करने वाले प्रयासों से दूर रहने की चेतावनी दें।

## पेज 11 के शेष...

### बारिश से पूर्व ....

दिन हादसा होने का खतरा भी मंडरा रहे है। कई आंगनबाड़ी केंद्र की महिला कार्यकर्ता बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें बंद कर दूसरे भवनों में संचालित कर रही हैं। हरिभूमि ने शनिवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की, जिसमें इसका खुलासा हुआ। दूसरे या किराए के भवन में संचालित हो रहे कई केंद्र : जर्जर हो चुके कई आंगनबाड़ी केंद्रों की महिला कार्यकर्ता बारिश के मौसम में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में ताला जड़कर गांव में ही दूसरे भवन में संचालित करने के लिए मजबूर हो रही हैं। इनमें कई कार्यकर्ता तो किराए का भवन लेकर केंद्र संचालित कर रही हैं। पहले से 500 से ज्यादा केंद्र किराए के भवन में संचालित : जिले में पहले से ही 500 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों के एवज में विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रति भवन किराया के रूप में लगभग 3 हजार रुपए का भुगतान भी करता है।

### 100 से ज्यादा ....

स्थिति में हैं। बताया गया कि विकासखंडवार इसकी सूची भी बन चुकी है, जिसमें से अति जर्जर हो चुके केंद्रों की मरम्मत के लिए विभाग ने फंड भी जारी किया था, ताकि बारिश से पूर्व इन केंद्रों की मरम्मत कराई जा सके। इस फंड के जारी होने के बाद भी अभी तक इस्तेमाल नहीं हुआ है, जिसके कारण अति जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात जस की तस है।

### बारिश के बाद ....

टैंकर को बंद कर दिया है। शहर में केवल 4 किराए के पानी टैंकर ही चल रहे हैं। यह पानी टैंकर जोन 2 व जोन 4 के कुछ क्षेत्र में हैं। आने वाले दिनों में इन 4 किराए के पानी टैंकर की भी जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि नगर निगम के पास खुद के विभागीय पानी टैंकर पहले से मौजूद हैं। दरअसल, रायपुर नगर निगम के 11 वार्डों में पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने पानी की किल्लत दूर करने किराए के पानी टैंकर चलाने ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें प्रति ट्रिप दर के आधार पर 6 ठेकेदारों को इस कार्य के लिए किराए के पानी टैंकर संचालित करने का कार्य मिला। जल विभाग ने इस बार किराए के पानी टैंकर के लिए 1.50 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा। नगर निगम 4 वार्डों में इस बार की गर्मी में जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकर चलाने की स्थिति निर्मित हुई। इसमें सबसे ज्यादा किराए के पानी टैंकर शहर के आउटर में स्थित जोन 9 के जलसंकट प्रभावित वार्डों में रही। 23 पानी टैंकर किराए पर चलाने पड़े। इसी तरह जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह बस्ती, वृंदावन कालोनी, पावर्ती नगर, सेल टैक्स कालोनी और भावना नगर बस्ती में पानी संकट दूर करने टैंकर भेजना पड़ा। इसी तरह गुरूगोविंदसिंह वार्ड शीतला कालोनी, बेहरा कालोनी, कालीनगर बस्ती, झंडा चौक,सतनामीपारा, राजा बाड़ा, पंडरी मार्केट चर्च के पास, इमाम बाड़ा, ताज नगर, प्रगति नगर, बीएचपी कालोनी, अनुव्रत कालोनी में पानी टैंकर की जरूरत पड़ी। जोन 1 के भनपुरी के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड पेयजल संकट को लेकर जोन घेराव की नौबत तक आई। लोगों की शिकायत रही कि उनके यहां नगर निगम के नलों से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। इसलिए पेयजल की समस्या दूर करने किराए के पानी टैंकर चलाने पड़े। जोन 5 के भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासी इलाकों में भी पेयजल की समस्या को देखते हुए किराए के पानी टैंकर चलाने पड़े। 20 जगहों पर चल रहे थे पानी टैंकर, 2 दिन से बंद : नगर निगम जोन 9 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा का कहना है कि उनके जोन के माध्यम से पूर्व में 20 जगहों पर किराए के पानी टैंकर की जरूरत पड़ती थी, 2 दिन पहले पानी टैंकर बंद कर दिए हैं । ये पानी टैंकर प्रधानमंत्री आवास, और अलग-अलग वार्डों के स्लम बस्ती में पेयजल संकट दूर करने चला रहे थे।

## आम-सूचना

सर्वसाधारण, आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शुभम यादव, पिता- स्व. अनिल यादव, निवासी गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेतागण श्री अर्जुन यादव, पिता स्व. समोधी यादव, निवासी यादव होटल के पीछे गुढ़ियारी रायपुर, (छ.ग.) एवं श्रीमती संतोषी यादव, पति श्री कमल नारायण यादव, निवासी वार्ड नंबर 2 कोसा नगर, नेहरू नगर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि वाके मौजा ग्राम गुढ़ियारी, पटवारी हल्का नं. 49, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 82/1 रकबा 0.0450 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 78/1 रकबा 0.0280 हेक्टेयर, कुल खसरा 2, कुल रकबा 0.0730 हेक्टेयर भूमि है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर विक्रेता अग्रिम (बयाना) राशि प्राप्त कर लिया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है, उक्त भूमि के बैनामा पंजीयन के संबंध में मेरे पक्षकार एवं विक्रेता के मध्य विवाद विद्यमान है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार एवं विक्रेतागण के मध्य विवाद विद्यमान है। उक्त विवाद के अंतिम निराकरण तक यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, बंधक, ऋण, हस्तांतरण अथवा अन्य कोई लेन-देन करता है, तो वह पूर्णतः अपने स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर करेगा। ऐसे किसी भी लेन-देन से उत्पन्न होने वाले विवाद, हानि अथवा विधिक परिणामों के लिए मेरे पक्षकार उत्तरदायी नहीं होंगे तथा मेरे पक्षकार भविष्य में अपने समस्त वैधानिक अधिकार एवं उपचार सुरक्षित रखते हैं।

**सो सूचना जाने ।**

**भावना राजपूत**
**अधिवक्ता**
**बार रूम नं 107,**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18/07/2026

## आम-सूचना

दिनांक 18.07.2026

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण नरेन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल दोनो पिता चौथमल निवासी- बैजनाथ रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं 10, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 558/1 रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा । जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

**एस.एस. चंदेल**
**(अधिवक्ता)**
**पता- संगम आटा चक्की गली,**
**कृष्णानगर, संतोषी नगर,रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 94255 19873**

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सुनील अग्रवाल पिता चौथमल व कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल निवासी- बैजनाथ रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 558/5 रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय-विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18.07.2026

**एस.एस. चंदेल (अधिवक्ता)**
**पता- संगम आटा चक्की गली,**
**कृष्णानगर, संतोषीनगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 94255 19873**

### संकुल प्राचार्य ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण



आरंग। संकुल केंद्र भिलाई की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य पुष्पा निषाद एवं संकुल समन्वयक जितेन्द्र शुक्ला ने संकुल की समस्त शालाओं का औचक निरीक्षण किया। इसमें प्राथमिक शाला भिलाई, ओड़का, गिधवा, खपरी, चरौदा तथा पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा, भिलाई एवं खपरी शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मिशन उत्कर्ष, शिक्षक दैनंदिनी, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, वी.एस.के. एप में शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, बच्चों की उपस्थिति, दस्तावेज संधारण, पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण तथा बच्चों को नियमित गृहकार्य एवं कक्षा कार्य कराने संबंधी विषयों पर प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सालेम स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह

**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर दर्शक झूम उठे। इसके बाद वेलकम डांस छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। साथ ही छग डायोसिस के पदाधिकारियों का पौधे देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवीन मसीह, सुषमा कुमार, बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ एव चेयरमैन सीडीबीई तथा रेव्ह. सुबोध कुमार, नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिन्सन, रुचि धर्मराज, वरिष्ठ पत्रकार जॉन राजेश पॉल, पूर्व विद्यार्थी अतुल सिंघानिया, महिमा पॉल, शालोम बनशियार, रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

# जलभराव रोकने निगम की कार्रवाई, मोवा ओवरब्रिज के नीचे तोड़े अवैध पाटे

*नगर निगम ने जलभराव रोकने शनिवार को कार्रवाई की है। मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए आधा दर्जन अवैध पाटों को जेसीबी मशीन और ड्रिल मशीन लगाकर तोड़ा गया। यह कार्रवाई नगर निगम जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को तत्काल स्वतः हटाने के नोटिस की अनदेखी के बाद की है। एक दिन पूर्व ही राजधानी के काशीराम नगर में नगर निवेश विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 घरों के सामने बनाए गए अवैध कब्जों को तोड़कर नाले की सफाई में आ रही बाधा को दूर किया था। हाल ही में हुई बारिश से जलभराव की स्थिति और इससे आम जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए निगम प्रशासन नाले-नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण और पाटों को तोड़ने अभियान चला रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल, नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के कालीमाता वार्ड स्थित लोधीपाराा चौक में मंडी गेट से अवंतिबाई चौक तक जलभराव की समस्या रही। इसका एक प्रमुख कारण लोधीपारा चौक में मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को माना जा रहा है। इसके लिए जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शो रूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को स्वतः तत्काल हटाने नोटिस दी। नहीं हटाने पर शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जोन 3 की टीम ने जेसीबी और ड्रिल मशीन लगाकर आधा दर्जन अवैध पाटे को तोड़कर नाले की सफाई सुनिश्चित कराई।

दरअसल, मोवा ओवरब्रिज के नीचे लोधीपारा चौक के समीप होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों द्वारा अपने व्यवसायिक संस्थानों के सामने नाले पर कब्जा जमाकर बड़े आकार के अवैध पाटे बना दिए, इससे नाला सफाई में परेशानी आ रही थी। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत जोन 3 कमिश्नरी सहित निगम मुख्यालय में भी की। जन शिकायत के बाद जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में जोन के नगर निवेश टीम ने अवैध पाटा को तुड़वाकर नाला सफाई में आ रही बाधा दूर की।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ड्रिल मशीन नहीं होने से अवैध पक्के पाटों को तोड़ने किराए के ड्रिल मशीन लगाकर पाटे को तोड़ना पड़ा। तोड़फोड़ के लिए निगम के पास ड्रिल मशीन की आवश्कता है, जिस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तोड़फोड का यह अभियान कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू उप अभियंता पूनम साहू की उपस्थिति में चलाया गया।




**»** ***होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों ने नाले पर बनाए अवैध पाटे, पाटों को हटाने निगम ने दिया था नोटिस***

**»** ***मंडी रोड मुख्य मार्ग-अवंतिबाई चौक पर जलभराव से हो रही थी परेशानी***

# भारी वाहन की स्पीड पर ट्रैफिक पुलिस की लगाम नहीं, डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

*पचपेड़ी नाका के समीप कलर्स मॉल के पास हुआ हादसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में भारी वाहन की स्पीड पर ट्रैफिक पुलिस की लगाम नहीं है, जिसके कारण लगातार भारी गाड़ियां अनियंत्रित होकर पलट रही हैं। शहर के पचपेड़ी नाका के समीप कलर्स मॉल के पास शनिवार को भारी वाहन के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार से गुजर रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गया, जिससे ट्रक पलटने से बच गया। इस हादसे के समय इस मार्ग से कई छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजर रही थीं, लेकिन राहत की बात यह है कि उनमें से कोई भी वाहन ट्रक से टकराया नहीं, अन्यथा इस घटना में लोगों की जान भी जा सकती थी।



### शाम करीब 5.30 बजे हुआ हादसा

*मिली जानकारी के अनुसार शाम करीब 5.30 बजे कलर्स मॉल के पास मुख्य मार्ग से लालपुर से पचपेड़ी नाका की ओर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के बीच बने डिवाइडर से टकराकर उसमें चढ़कर फंस गया। ट्रक के डिवाइडर पर चढ़ने से डिवाइडर के साथ उसमें सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए लोहे के रैक भी क्षतिग्रस्त हो गए।*

### आधे घंटे में फंसे ट्रक को निकालकर हटाया

इस हादसे की सूचना मिलते ही पचपेड़ी नाका में मौजूद ट्रैफिक पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और डिवाइडर पर फंसे ट्रक को जेसीबी की मदद से लगभग आधे घंटे के भीतर निकालकर वहां से हटाया। हालांकि इस हादसे के दौरान कुछ देर तक यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी रही। वाहन सवार ट्रक से बचते हुए आवागमन करते रहे, वहीं कोई वाहन सड़क पर फंसे ट्रक से टकराया नहीं।

### रिंगरोड में पलटा ट्रेलर

*शहर में एक दिन पहले ही पचपेड़ी नाका के पास ही रिंग रोड ओवरब्रिज पर लोहे की प्लेट से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया था। बताया जा रहा है कि इस हादसे के दौरान भी ट्रेलर की रफ्तार सामान्य से ज्यादा थी।*

# छत्रपति शिवाजी के जीवन से सुशासन नेतृत्व एवं वित्तीय प्रबंधन की प्रेरणा : पेंडसे



*रायपुर। रायपुर सीए जागरण समूह द्वारा स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से स्वदेशी भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज एक कुशल प्रशासक, वित्तीय रणनीतिकार और सुशासन के प्रतीक विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए प्रफुल्ल पेंडसे ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी प्रशासक, उत्कृष्ट वित्तीय रणनीतिकार और आदर्श सुशासन के प्रतीक थे।*

# चलते ई-रिक्शा से धक्का देकर गिराया, मोबाइल-नकदी लूटकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


रेलवे स्टेशन से मौदहापारा जाने ई-रिक्शा में सवार एक युवक को ई-रिक्शा चालक तथा उसके साथी ने गाड़ी से धक्का देकर लूट का शिकार बनाया। घटना 16 जुलाई की देर रात तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है।

कम्प्यूटर सेल सर्विस में काम करने वाले नंद कुमार कुर्रे ने तेलीबांधा थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वह 16 जुलाई की रात रेलवे स्टेशन से मौदहापारा जाने एक ई-रिक्शा में सवार हुआ।




<u>एक अन्य सवारी को उतारने के बाद युवक को बनाया लूट का शिकार</u>

ई-रिक्शा में पहले से एक अन्य युवक सवार था। ई-रिक्शा चालक ने अपनी गाड़ी में एक और युवक को बैठाया। इसके बाद ई-रिक्शा चालक एक्सप्रेस वे के रास्ते दूसरी सवारी को सिटी सेंटर माल के पास उतारने के बाद उसे पुराना मारुति शोरूम के पीछे नर्सरी के पास ले गया। इसके बाद ई-रिक्शा की रफ्तार धीमी कर दी। इसी दौरान बगल में बैठे युवक ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद ई-रिक्शा में सवार बदमाश ने नंद कुमार के हाथ से मोबाइल लूट लिया और उसके ई-रिक्शा में रखे बैग को लेकर ई-रिक्शा चालक तथा उसका साथी मौके से भाग गए। बैग में साढ़े सात सौ रुपए सहित कुल 25 हजार रुपए का सामान था।












# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



टोलाघाट में लक्ष्मण झूला के रास्ते ...

## सिटी लाइव

# राज्य खेल अलंकरण 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक




**रायपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ ने राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि तथा खेलवृत्ति (डाइट मनी) के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन मांगे गए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। वरिष्ठ वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले अथवा अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप पदक विजेताओं को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार तथा निर्धारित पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान और शहीद विनोद चौबे सम्मान प्रदान किए जाते हैं।


### विभाग की वेबसाइट पर आवेदन का प्रारूप उपलब्ध

विभाग के अनुसार शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार के तहत तीन लाख रुपए, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपए तथा वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं शहीद पंकज विक्रम सम्मान के तहत 25-25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। वरिष्ठ एवं जूनियर वर्ग की टीम स्पर्धाओं के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। पुरस्कार के साथ सम्मान पत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई भी दिए जाएंगे। वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) के दौरान राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। खेलवृत्ति (डाइट मनी) तथा प्रेरणा निधि के लिए भी पात्र खिलाड़ी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, जिला कार्यालयों तथा राज्य खेल संघों से प्राप्त किए जा सकते हैं। राज्य खेल अलंकरण से संबंधित सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आवेदन ही मान्य होंगे।

## फ्रेंडशिप डे के लिए सजने लगा बाजार, महानगरों की तर्ज पर गिफ्ट में वैरायटी

# महानगरों की तर्ज पर यूनिक गिफ्ट देने का क्रेज, फोटो फ्रेम, डिजिटल कार्ड और ब्रेसलेट बने युवाओं की पसंद

"दोस्ती के इजहार का दिन फ्रेंडशिप डे इस बार 2 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन को खास बनाने युवा अभी से तैयारी में जुट गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर शहर का गिफ्ट बाजार पखवाड़ेभर पहले ही गुलजार हो चुका है। आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड और रिंग के साथ स्पेशल कार्ड खरीदने युवा गिफ्ट दुकानों पर पहुंचने लगे हैं।






### फ्रेंडशिप रिंग और लॉकेट भी खास

*दोस्ती को और खास बनाने के लिए लॉकेट भी नई डिजाइन के बाजार में आए हुए हैं। महानगरों में रिंग और लॉकेट के साथ कई रंगों में रंगी फ्रेंडशिप रिंग, मोतियों के बनी बेल्ट और ब्रेसलेट चलन में हैं। इसकी कई वैरायटीज बाजार में उपलब्ध हैं। इसकी कीमत 40 रुपए से 300 रुपए तक है। इन बैंड को इस तरह से तैयार किया गया है कि इन्हें फ्रेंडशिप डे के अलावा अन्य मौकों पर भी इस्तेमाल किया जा सके। बाजार में फ्रेंड्स फॉरेवर लिखी हुई बेल्ट, बैंड व फ्रेंडशिप लॉकेट आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा युवाओं को मोतियों से बनी ब्रेसलेट, फ्रेंड्स लिखी बेल्ट, वूडन की बेल्ट ज्यादा पसंद आ रही है।*

**रायपुर।** फ्रेंडशिप डे पर दुकानों में गिफ्ट के नए कलेक्शन आए हुए हैं, जिसमें दोस्ती के रिश्तों में भावनाओं के इजहार के लिए डिजिटल कार्ड की बिक्री बढ़ी हुई है। इस तरह के कार्ड्स में फोटो के साथ दोस्ती का संदेश लिखा हुआ है। इसके अलावा डिजिटल ब्रेसलेट इस बार आकर्षक गिफ्ट होगा। साथ ही फोटो वाली ब्रेसलेट युवाओं की पहली पसंद है। फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने हर साल कैफे और रेस्तरां में भीड़ बढ़ जाती है, जिसे लेकर युवा अभी से एडवांस बुकिंग कराने लगे हैं। नया रायपुर समेत शहर के कैफे में फ्रेंडशिप डे दिन के अलग-अलग समय में कैफे बुक कराने लोग पहुंच रहे हैं।






### दिल्ली और मुंबई से मंगाए जा रहे तोहफे

दुकानों में डिमांड को देखते हुए दिल्ली और मुंबई से फ्रेंडशिप डे के लिए गिफ्ट आइटम कई वैरायटीज में मंगाए गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर सामान्य गिफ्ट की बिक्री के साथ मांग भी बढ़ गई है। दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों को युवा अपने दोस्तों को देने खरीद रहे हैं। गिफ्ट में फोटो फ्रेम विथ चॉकलेट व कोटेशन फ्रेम की डिजाइन के साथ टेडी बियर, फोटो टीशर्ट, घड़ी, पेन स्टैंड, बेल्ट, पर्स, बैग, महंगे परफ्यूम, प्रिंटेड कप जैसी सामान्य चीजें भी शामिल हैं।

### बनवा रहे दोस्तों के फोटो फ्रेम

दोस्तों को खुश करने युवा यूनिक फ्रेंडशिप गिफ्ट तैयार कर रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक रॉकी गुप्ता ने बताया कि यूथ अपने दोस्तों की स्पेशल राइटिंग में कार्ड के साथ फोटो फ्रेम बनवा रहे हैं। युवाओं की मांग पर प्रिंटेड कार्ड भी तैयार किए जा रहे हैं। लगभग 10 लोगों ने अभी आर्डर दिए हैं। फोटो फ्रेम को लेकर भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। इसकी कीमत 600 से 2 हजार रुपए तक है। लाइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपए का अतिरिक्त शुल्क तय किया जा रहा है। फ्रेम की कीमत साइज अनुसार तय है। सामान्य फ्रेम में दो फोटो को रखा जा रहा है। इसके अलावा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने यूथ केक पर अपनी ग्रुप फोटो बनवाने की तैयारी में हैं। इसकी कीमत साइज अनुसार है। इसके लिए दोस्तों के ग्रुप ने अभी से ऑर्डर दे दिए हैं। सेलिब्रेशन के बदलते तरीकों को देखते हुए अब इसमें भी कई विकल्प दिए जा रहे हैं।

## इवेंट लाइव

# फ्रॉम फॉर्म टू स्टार्टअप पर विशेषज्ञों ने किया संवाद



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित विषय "फ्रॉम फॉर्म टू स्टार्टअपः एक्सेलरेटर्स एंड इनक्यूबेसन इन मशरूम कल्टीवेशन" विशेषज्ञों ने संवाद किया। शनिवार को जेसी बोस हॉल, जीव विज्ञान अध्ययनशाला में यह कार्यशाला किया गया। इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, जीव विज्ञान अध्ययनशाला, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स अध्ययनशाला एवं अक्षय उर्जा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत सरस्वती के आशीर्वाद और दीप प्रज्वलित से किया गया। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के मार्गदर्शन में किए गए आयोजन में प्रेरणास्रोत भी रहे हैं। वहीं डॉ. कविता ठाकुर, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्य एवं नवाचार की जरूरत पर प्रकाश डाला।

### पोषण एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला

इसमें मुख्य अतिथि नम्रता घई, निदेशक, छत्तीसगढ़ मशरूम प्रोसेसिंग तेंदुआ नवा रायपुर ने मशरूम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मशरूम की प्रमुख प्रजातियों, वैज्ञानिक खेती की विधियों, उत्पादन तकनीक एवं मशरूम के पोषण एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने मशरूम की मार्केटिंग, वैल्यू एडिशन, ब्रांडिंग, प्रोसेसिंग तथा स्टार्टअप एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को कृषि आधारित उद्यमिता के लिए उन्होंने प्रेरित किया। इसे अपनाने और सरकारी योजनाओं एवं इन्क्यूबेशन सुविधाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए जोर दिया।

### उत्पादन के क्षेत्र में संभावनाओं पर चर्चा

अंत में आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए उद्यमिता, नवाचार तथा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ। प्रो. आरती परगनिहा, प्रो. अम्या इक्का की गरिमामय उपस्थिति रही। इसमें रविवि के प्रो. एसजे डहरवाल, प्रो. धर्मेंद्र गंगेश्वर के साथ ही विश्वविद्यालय से जुड़े 50 विद्यार्थी प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूर्वा द्वारा किया गया ।

# फेथ कान्क्लेव में दिखी छत्तीसगढ़ पर्यटन की खूबसूरती, विशेषज्ञ भी हुए प्रभावित

**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी द्वारा आयोजित फेथ कान्क्लेव-2026 में छत्तीसगढ़ पर्यटन ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय पर्यटन परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में देशभर के पर्यटन एवं हॉस्पिटेलिटी विशेषज्ञों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल एजेंट्स, विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभागों के प्रतिनिधियों, ट्रैवल मीडिया तथा पर्यटन उद्योग से जुड़े हितधारकों के बीच छत्तीसगढ़ के पर्यटन विषय पर विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा तथा छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने प्रदेश की प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, जनजातीय एवं साहसिक पर्यटन संभावनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अपनी सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय जीवन, घने वन, जलप्रपातों, पुरातात्विक धरोहरों, वन्यजीव संपदा और आध्यात्मिक स्थलों के कारण विशिष्ट पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है।




### विविध पर्यटन संभावनाओं में रुचि दिखाई

*पैनल चर्चा में पर्यटन अधोसंरचना, नई पर्यटन नीतियों, निजी निवेश, सामुदायिक सहभागिता, ईको-टूरिज्म, होम-स्टे, धार्मिक एवं हेरिटेज पर्यटन तथा सतत पर्यटन विकास के प्रयासों की जानकारी साझा की गई। साथ ही देश-विदेश से आए टूर ऑपरेटरों और पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ भ्रमण का आमंत्रण दिया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ पर्यटन की प्रस्तुति को प्रतिनिधियों ने सराहा और राज्य की विविध पर्यटन संभावनाओं में रुचि दिखाई। पर्यटन विशेषज्ञों ने प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, साहसिक और जनजातीय पर्यटन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की संभावनाओं को महत्वपूर्ण बताया।*

# रंगीला सावन उत्सव और प्रदर्शनी 20 जुलाई को

**रायपुर।** गुढ़ियारी माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में 20 जुलाई को गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में एक दिवसीय रंगीला सावन उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संगठन की अध्यक्ष भावना राठी एवं सचिव संगीता मालानी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन वन बंधु परिषद महिला समिति की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी करेंगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर से लघु व्यापार संचालित कर रही महिलाओं को अपने उत्पादों और हुनर के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध कराना है। आयोजन से प्राप्त राशि का उपयोग जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाएगा। प्रदर्शनी में फैशन, ज्वेलरी, घर सजावट तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही गीत-संगीत, धमाकेदार हाउजी, सरप्राइज गिफ्ट, लकी ड्रॉ तथा कई आकर्षक पुरस्कार कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका सविता सोनी एवं रेखा पुंगलिया ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन में सहभागिता निभाने की अपील की।

## स्पेन-अर्जेंटीना मुकाबले के लिए रविवार को जमकर हुई टिकट बुकिंग

# फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का रायपुर में भी क्रेज, थिएटरों में हाउसफुल जैसी स्थिति, आज सुबह 11 बजे से विशेष स्क्रीनिंग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में रविवार देर रात स्पेन और अर्जेंटीना के बीच महामुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले का उत्साह रायपुर में भी देखने को मिल रहा है। फुटबॉल प्रेमियों के लिए शहर के विभिन्न मॉल के पीवीआर थिएटरों में विशेष स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए रविवार को जमकर टिकट बुकिंग हुई। देर रात तक मैग्नेटो मॉल, सिटी सेंटर मॉल और जोरा मॉल में 600 रुपए तक के टिकट बुक हो चुके थे। फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यामाल को लेकर फुटबॉल प्रेमियों में खासा उत्साह है। रविवार को अवकाश होने के कारण कई लोगों ने इस मुकाबले का रोमांच बड़े पर्दे पर देखने के लिए थिएटर में पहले से टिकट बुक कराए। फीफा वर्ल्ड कप को लेकर युवाओं और जेन-जी में जबरदस्त दीवानगी देखने को मिल रही है। अब तक मॉल के थिएटरों में मुख्य रूप से क्रिकेट मैचों की स्क्रीनिंग होती रही है, लेकिन इस बार फुटबॉल मुकाबले की स्क्रीनिंग को भी दर्शकों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है।



### फोर के क्वालिटी में दिखेगा फाइनल मुकाबला

*फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले की स्क्रीनिंग शहर के पीवीआर थिएटरों में फोर के क्वालिटी में की जाएगी। बड़े पर्दे और हाई-डेफिनिशन विजुअल्स के साथ फुटबॉल प्रेमी स्टेडियम जैसा अनुभव ले सकेंगे। मॉल प्रबंधन के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में महानगरों की तरह रायपुर में भी फुटबॉल के प्रति युवाओं, खासकर जेन-जी, का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। इसी वजह से पहली बार फीफा वर्ल्ड कप फाइनल की थिएटर स्क्रीनिंग को लेकर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने पहले से टिकट बुक कराकर इस रोमांचक मुकाबले को बड़े पर्दे पर देखने की तैयारी कर ली।*




### दिनभर में 60 फीसदी बिक गए टिकट

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले की स्क्रीनिंग के लिए रविवार देर रात तक अच्छी बुकिंग हुई, लेकिन शहर के विभिन्न पीवीआर थिएटरों में अब भी करीब 40 फीसदी सीटें खाली हैं। मॉल प्रबंधन को उम्मीद है कि मुकाबला शुरू होने से पहले अंतिम समय में टिकटों की बिक्री और बढ़ेगी। छुट्टी होने और स्पेन-अर्जेंटीना के रोमांचक फाइनल को देखते हुए बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि 200 से 600 तक टिकट शुल्क निर्धारित किया गया है। तीनों मॉल में अब केवल 200 से 300 रुपए तक के टिकट बचे हैं।

## सिटी इवेंट

# मित्तल हॉस्पिटल का फेफड़े एवं हेड-एंड नेक कैंसर पर राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कैंसर उपचार एवं प्रारंभिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मित्तल हॉस्पिटल द्वारा फेफड़े (लंग कैंसर) एवं हेड-एंड-नेक कैंसर विषय पर एक राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। मित्तल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट, ईएनटी विशेषज्ञ, डेंटल एवं ओरल मेडिसिन विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट तथा अन्य संबंधित चिकित्सक भाग लेंगे। सम्मेलन में फेफड़े एवं हेड-एंड-नेक कैंसर की शीघ्र पहचान, सटीक निदान, आधुनिक रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, सर्जरी तथा मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव एवं नवीनतम वैज्ञानिक शोध साझा करेंगे।

**विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे उद्घाटन**

### सम्मेलन का उद्देश्य

मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुमन मित्तल का प्रयास है कि छत्तीसगढ़ में कैंसर उपचार को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। इसी उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न विशेषज्ञताओं के चिकित्सकों को एक मंच पर लाकर कैंसर की समय पर पहचान, वैज्ञानिक एवं प्रमाण-आधारित उपचार तथा समन्वित रोगी प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। विशेष रूप से फेफड़े एवं हेड-एंड-नेक कैंसर के मामलों में पल्मोनोलॉजिस्ट, ईएनटी विशेषज्ञ एवं डेंटल चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि प्रारंभिक लक्षण अक्सर सबसे पहले इन्हीं विशेषज्ञों के पास पहुंचते हैं। ऐसे में समय पर उचित रेफरल से रोग का शीघ्र निदान एवं उपचार संभव हो पाता है।

**समापन संदेश:** मित्तल हॉस्पिटल के आयोजकों डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. स्नेहा जैन, डॉ. जसवंत जैन, डॉ. नवीन वर्मा, डॉ. अनुशील, डॉ. पुनीत गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि यह राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन छत्तीसगढ़ में कैंसर उपचार की गुणवत्ता को नई दिशा देगा तथा राइट डायग्नोसिस, राइट रेफरल, सही समय पर सही ट्रीटमेंट की अवधारणा को और अधिक सशक्त बनाएगा। विभिन्न विशेषज्ञताओं के बीच यह सहयोग प्रदेश में कैंसर उपचार को और प्रभावी बनाएगा तथा भविष्य में हजारों मरीजों को बेहतर एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सिटी लाइव

# इंद्रधनुष स्टिचिंग ट्रेनिंग सेंटर से अब बढ़ेगी आत्मनिर्भरता



**रायपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा इंद्रधनुष स्टिचिंग ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना महिला सशक्तिकरण और व्यावसायिक प्रशिक्षण, पब्लिक इमेज एवं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन आलम रूपरा एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन हरपाल रूपरा ने संपन्न किया। इस अवसर पर क्लब के एडवाइजर विनय अग्रवाल, संदीप गुप्ता सहित रोटेरियन्स मौजूद रहे। इस परियोजना के तहत क्लब द्वारा 6 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई। इसके माध्यम से गुढ़ियारी क्षेत्र की महिलाओं को अब निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### महिलाओं का होगा कौशल विकास, मिलेगा काम

प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। अपने परिवार की आय को बढ़ाने में अहम भूमिका भी निभाएंगी। परियोजना की विशेषता यह है कि इसके अगले चरण में प्रशिक्षित महिलाएं नवजात शिशुओं के लिए आवश्यक वस्त्र तैयार करेंगी, जिन्हें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों में निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इस प्रकार यह पहल महिलाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और मानवीय सेवा के उद्देश्य को एक साथ साकार करेगी। क्लब की अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, सचिव डॉ. स्वाति अग्रवाल, परियोजना की चेयरपर्सन राखी काबरा ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## धर्म लाइव

# भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच संपन्न हुआ महापूजन

**रायपुर।** नव प्रतिष्ठित श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में आयोजित दशम शनि विद्या अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जिनालय पहुंचे और भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी का विधिवत महापूजन, अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे जिनालय परिसर में नवकार मंत्र, आरती एवं भक्तिमय स्तुतियों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जैन परंपरा में नव प्रतिष्ठित जिनालय को आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष केंद्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रतिष्ठा के उपरांत आने वाले विशेष शनिवारों में भगवान की आराधना, स्नात्र पूजा, अष्टप्रकारी पूजा तथा नवकार मंत्र का जाप आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। धार्मिक विद्वानों ने बताया कि अमावस्या आत्मचिंतन और अंतर्मुखी साधना का प्रतीक है, जबकि शनिवार संयम, धैर्य और कर्मनिर्जरा का संदेश देता है।



### श्रद्धा और भक्तिभाव का बना रहा वातावरण

ऐसे पावन संयोग में भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी की आराधना का आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है। श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक आरती, मंगल दीपक एवं पूजन कर प्रभु से सुख, शांति, सद्भाव, संयम और धर्ममय जीवन की मंगलकामना की। पूरे आयोजन के दौरान जिनालय में श्रद्धा और भक्तिभाव का वातावरण बना रहा। समाजजनों ने इसे केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मकल्याण, आत्मबल और धर्म के प्रति दृढ़ आस्था विकसित करने का दुर्लभ अवसर बताया। महापूजन का विधान पूजा कारक श्रीमती मोहनी बैदमुथा ने संपन्न कराया। वहीं आरती, मंगल दीपक एवं श्री मुनिसुव्रत स्वामी दंडक के लाभार्थी अशोक एवं प्रणय जी ललवानी परिवार रायपुर रहे।

## सावन का महीना 30 जुलाई से शुरू हो रहा, इससे पहले शिवालयों में तैयारी जारी

# टोलाघाट में लक्ष्मण झूला के रास्ते भक्त पहली बार सावन में कर सकेंगे शिव दर्शन

'सावन के इस सीजन का शुभारंभ 30 जुलाई को होने जा रहा है। भक्तों को पहले सोमवार के रूप में 3 अगस्त को शुभ अवसर मिलेगा। इससे पहले ही उत्सव का माहौल शिवालयों में बनने लगा है। सिर्फ चार सोमवार मिलने से इस सीजन में कांवरियों का दल भी पहले सोमवार से महादेवघाट पहुंचेगा। इसे देखते हुए तैयारी का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं टोलाघाट स्थित शिव मंदिर में खारुन के प्रवाह की वजह से पहले भक्त दर्शन नहीं कर पाते थे। इस सावन भक्त भी लक्ष्मण झूला के माध्यम से शिव दर्शन और पूजन कर सकेंगे।'





**रायपुर।** शहर से सटे टोलाघाट में खारुन के मध्य स्थित शिव मंदिर में इस बार दर्शनार्थियों का मेला लगने वाला है। इसे देखते हुए वहां व्यवस्थागत तैयारी शुरू हो गई है। दर्शन करने के लिए लोगों को एक-एक कर आने और जाने के लिए व्यवस्था बनाई जाएगी। वहीं महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। रंगाई-पोताई के बाद झालर लाइट लगाने की तैयारी है। सावन उत्सव के लिए मंदिर भी सज चुका है। कांवर लेकर आने वाले कांवरियों के लिए अलग से व्यवस्था और जिम्मेदारी अभी तय की जानी है। इस बार कांवरियों का जत्था पहले सोमवार से ही शिवालयों में अभिषेक का संकल्प लेकर पहुंचेगा। बंजारेश्वर महादेव को भी सजाने-संवारने और रंगीन लाइटों से रोशन किया जाएगा। यहां हर साल सावन में दूरदराज से दर्शन का पुण्य लाभ लेने हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### बरसात से बचाने लगाएंगे तिरपाल

सावन का पवित्र महीना 30 जुलाई यानी गुरुवार से शुरू होगा। शिवजी की आस्था में 28 अगस्त को भी मेला लगेगा। इस पूरे महीने में कुल 4 सावन सोमवार श्रद्धालुओं को मिलेंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10, तीसरा 17 और चौथा 24 अगस्त को होगा। इसे देखते हुए मठपारा स्थित श्री हर नीलकंठेश्वर मंदिर को इस बार भी रंगीन लाइटों से सजाने के साथ दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तिरपाल सजाने की तैयारी है। पुरानी बस्ती स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक बनाया जा रहा है। यहां सावन के पहले सोमवार को ही सुबह साढ़े पांच बजे से भक्तिमय माहौल बनेगा।



### रविवार और सोमवार को लगता है मेला

महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ के संदर्भ में महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि यहां सावन में रविवार और सोमवार को भक्तों का मेला लगता है। दिनभर दर्शन व अभिषेक करने वाले भक्तों का भी तांता लगता है। इस साल महादेवघाट के आसपास के क्षेत्र में निगम ने व्यवस्था बहाली के लिए जायजा लिया है। इस बार भी सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल का सहयोग लिया जाएगा। इस सावन के पहले सोमवार पर महादेव को गणेश के स्वरूप में सजाने की तैयारी है। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# बेटियों को प्रतिभास्थली विद्यापीठ में पढ़ाएं हिंदी में करें हस्ताक्षर, अपनाएं हथकरघा

**रायपुर।** समाधि सम्राट आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का 59वां मुनि दीक्षा दिवस शनिवार को सिंधु भवन शंकर नगर में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सकल दिगंबर जैन समाज, रायपुर के तत्वावधान तथा श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर समिति शंकर नगर के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में मुनिश्री आगम सागर महाराज, मुनिश्री पुनीत सागर महाराज, ऐलकश्री धैर्य सागर महाराज, ऐलकश्री स्वागत सागर महाराज, वंदनीय ज्येष्ठ आर्यिकाश्री तपोमति माताजी, आर्यिकाश्री नम्रमति माताजी, आर्यिकाश्री विनम्रमति माताजी, आर्यिकाश्री अतुलमति माताजी एवं आर्यिकाश्री अनुगममति माताजी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। संतों ने अपने मंगल प्रवचनों में आचार्य विद्यासागर महाराज के त्याग, तप, संयम, राष्ट्रभक्ति एवं लोककल्याण के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रद्धालुओं ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



### तीन संकल्प लेने का किया आव्हान



मुनिश्री पुनीत सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार के निर्माण और संस्कारों की आधारशिला नारी है। यदि वह संस्कारित होगी तो पूरा परिवार संस्कारित होगा। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से आचार्यश्री विद्यासागर महाराज ने प्रतिभास्थली विद्यापीठ जैसी संस्थाओं की स्थापना की। उन्होंने समाजजनों से तीन संकल्प लेने का आव्हान किया, अपनी बेटियों को प्रतिभास्थली विद्यापीठ में शिक्षा दिलाने का प्रयास करें, हस्ताक्षर सदैव मातृभाषा हिंदी में करें तथा स्वदेशी और हाथ से निर्मित हथकरघा वस्त्रों का उपयोग अपनाएं। मुनिश्री आगम सागर महाराज ने कहा कि गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा, जब तुम आए जगत में, जग हंसा तुम रोए, ऐसी करनी कर चलो तुम हंसो जग रोए। उन्होंने आचार्यश्री विद्यासागर के जीवन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि गंभीर बीमारी के समय भी उन्होंने अपने गुरु का स्मरण किया और कुछ ही दिनों में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु के प्रति अडिग आस्था रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर आर्यिकाश्री ने कहा कि यदि सातों समुद्रों की स्याही बनाकर भी आचार्यश्री विद्यासागर के गुणों का वर्णन किया जाए तो वह भी कम पड़ जाएगा। उनका तप, त्याग और आध्यात्मिक व्यक्तित्व शब्दों से परे है।



# मनवा कुर्मी समाज आज 50 विद्यार्थियों का करेगा सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 126वीं जयंती पर 19 जुलाई को केंद्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बहुउद्देशीय भवन नरदहा में भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से चयनित 50 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के दानवीरों को भी सम्मानित किया जाएगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. खूबचंद बघेल जयंती पर समाज द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा गांव एवं शहरों में स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ का संचालन किया जा रहा है। इसमें सभी समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

### समाज के दानवीरों का किया जाएगा सम्मान

उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रदेशभर के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग के लिए समाज के दानवीरों का भी सम्मान किया जाएगा। केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे नवीन मार्केट में स्थापित डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगा। इसके बाद ही केंद्रीय कार्यालय नरदहा में 11 बजे से 4 बजे तक संस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसमें सर्व छत्तीसगढ़ी समाज के प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सभी सामाजिक बंधुओं एवं आम लोगों से शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है।

## चैतन्य संस्था की पहल पर जेंडर समानता एवं शाश्वत उपजीविका पर राज्यस्तरीय कार्यशाला

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, न्याय-आर्थिक सशक्तिकरण को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण को प्रभावी बनाने की दिशा में पहल करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एवं चैतन्य संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला की गई। इस आयोजन में जेंडर नॉर्म्स, जेंडर रिसोर्स सेंटर एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला किया गया। इसका उद्देश्य जेंडर समानता को ग्रामीण विकास एवं आजीविका कार्यक्रमों के साथ जोड़ते हुए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को सशक्त बनाना, जेंडर रिसोर्स सेंटरों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाना तथा जेंडर नोर्म्स के अधयन को प्रस्तुत करना था। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पौधारोपण के साथ स्वागत कर किया गया।



### एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रहा



मिशन के संचालक अश्विनी देवांगन, चैतन्य संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कल्पना पंत, संयुक्त संचालक सीमा मिश्रा, लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से एलके शर्मा, जेंडर मास्टर ट्रेनर सुलोचना साहू, चैती रात्रे, राधा बांधे मंचस्थ रहीं। कल्पना पंत ने बताया कि वर्ष 2018 से एनआरएलएम के तहत जेंडर समानता प्रोग्राम संचालित किया जाता है। इसके चलते छत्तीसगढ़ इस क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। हम आज ऐसे विषय पर चर्चा कर रहे हैं, जो नए छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुका है। हमारा राज्य केवल संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के लिए ही नहीं, बल्कि लैंगिक समानता के क्षेत्र में भी देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रहा है।

### शिकायतों का संवेदनशीलता से निराकरण

मास्टर ट्रेनर सुलोचना साहू, चैती रात्रे, श्रेया सिंह ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जीआरसी के माध्यम से घरेलू हिंसा एवं अन्य लैंगिक हिंसा से प्रभावित महिलाओं और बालिकाओं को समय पर परामर्श, कानूनी सहायता और जरूरी विभागों से जोड़कर सहयोग दिया जा रहा है। सामुदायिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण परामर्श एवं समुदाय के विश्वास ने महिलाओं तक प्रभावी सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। पुलिस विभाग से गरिमा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, त्वरित सहायता के लिए थानों में महिला डेस्क संचालित है। जहां शिकायतों का संवेदनशीलता से निराकरण किया जाता है। विभाग में अब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से व्यवस्था संवेदनशील बनी है।

### किशोरियों में एनीमिया एक गंभीर चुनौती

स्वास्थ्य सेवाओं की संचालक डॉ. स्मृति देवांगन, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक ओ.पी. चौधरी ने कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया एक गंभीर चुनौती है। इसके प्रति जागरूकता और समय पर उपचार जरूरी है। मात मृत्यु के अनुपात में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। निशा गोस्वामी ने महिला हेल्प लाइन-181, सखी वन स्टॉप सेंटर, नवा बिहान योजना, शक्ति सदन, महतारी वंदन सहित सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं तक इन सेवाओं की पहुंच तय करने पर बल दिया। अंत में अतिथियों एव प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न देते हुए सम्मानित किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस में मुकाबले जारी



**रायपुर।** स्व. श्रीमती रमाबाई काले एवं स्व. रामराव काले स्मृति रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (सीनियर/जुनियर/कैडेट) 17 जुलाई से शुरु हुई। 19 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप ए) में विशाल डेकाटे ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप बी) से एम रविराज ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप सी) से प्रणय चौहान एवं सागर घाटगे ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप डी) से अरिंदम देबनाथ एवं रामजी कुमार लोकेश जांगड़े ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर महिला वर्ग -सुपर लीग में समाया पांडे, आरना खोटेले और वेदी कछवाहा आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग -सुपर लीग में आर्यन कुमार सिंह, विहान अग्रवाल, अभिनव पीटर, श्रेष्ठ मिश्रा, कवीश कला और तेजस जादवानी आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग- सुपर लीग में समाया पांडे, वेदी कछवाहा, महावीन अंसारी,महविश अंसारी, युकाता और आरना ठाकुर आगे चल रहे हैं। जूनियर बालिका वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं। कैडेट बालक (अंडर-13) वर्ग --सुपर लीग में औद्विक सिंह, नीरव तिवारी, राघव अग्निहोत्री आगे हैं और मैच खेले जा रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक, यूथ अंडर- 13 (कैडेट) बालक, सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं।

### अंडर-13 शतरंज स्पर्धा में प्रांजल और ईशिका बने स्टेट चैंपियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य अंडर 13 फिडे रेटेड शतरंज चौंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन हुआ । शीर्ष बोर्ड पर प्रांजल सिंह और ईशिका मडके ने अपने फाइनल मुकाबले ड्रॉ खेलकर सुरक्षित रणनीति अपनाई और अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने वर्ग में राज्य चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तीसरे बोर्ड पर अद्वित पांडे और सिद्धार्थ मिश्रा के बीच बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबला खेला गया। कठिन स्थिति में फंसे अद्वित ने काले मोहरों के साथ शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करतेहुए मुकाबला ड्रॉ कराया और महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित कर उपविजेता का स्थान सुनिश्चित किया।

बालिका वर्ग में निष्ठा त्रिपाठी ने अंतिम राउंड में अद्विका पांडे को पराजित करते हुए शानदार जीत दर्ज की और उपविजेता बनने में सफलता प्राप्त की। यह मुकाबला पूरे अंतिम राउंड के सबसे आकर्षक मुकाबलों में से एक रहा।

प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम में प्रथम तीन स्थानों पर आये खिलाड़ियों को क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 रू. का नकद पुरस्कार एवं ट्राफी दी गई एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आये खिलाड़ी राष्ट्रीय अंडर-13 शतरंज चैंपियनशिप हेतु छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगें एवं तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर आये खिलाड़ी रिजर्व में होंगे।

### नेटबॉल प्रतियोगिता में 16 जिलों के 250 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा



**रायपुर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं जिला संघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18 जुलाई से सप्रे मैदान एवं डिग्री गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम छत्तीसगढ़ सीनियर स्टेट मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता शुरु हुई। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 जिलों के 250 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, गरियाबंद, सक्ती, कांकेर, सरगुजा, बलौदा बाजार-भाटापारा, मेजबान रायपुर, जांजगीर-चाम्पा, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, कोरबा, बेमेतरा, और धमतरी की टीमें भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों के साथ ही लगभग 50 कोच, मैनेजर और तकनीकी अधिकारी इस आयोजन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि यहां प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की संभावित टीम का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रशिक्षण शिविर में अंतिम 12 मिक्स (6 पुरुष–6 महिला) खिलाड़ियों का चयन होगा, जो राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

क्या आपको भी कम दिखता है, आंखों के आगे छाई रहती है धुंध तो तुरंत कराएं इलाज

# आपकी आंखों के आगे अगर छाया रहता है धुंधलका तो यह हो सकता है अनियंत्रित ब्लड प्रेशर का असर

लंबे समय से अनियंत्रित ब्लड प्रेशर के कारण आंखों की रेटिना को प्रभावित करने वाली बीमारी हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी कहलाती है। यह तब होती है, जब उच्च रक्तचाप के कारण रेटिना की रक्त वाहिकाएं संकरी, मोटी या लीक होने लगती हैं। आंखों से संबंधित समस्याओं का जोखिम बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। आंखों की समस्याएं सिर्फ आंखों से ही संबंधित हों ये जरूरी नहीं है, कई बार ये कई और स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी हो सकती हैं। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और तंत्रिकाओं से बीमारी से परेशान लोगों में भी आंखों से संबंधित दिक्कत होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। क्या आपको भी अक्सर धुंधला दिखने की समस्या बनी रहती है, आंखों के आगे कुछ स्पष्ट दिखता नहीं है? इसके लिए कौन सी वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं?

आधुनिक जीवनशैली में उच्च रक्तचाप एक आम समस्या बन चुकी है। उच्च रक्तचाप के साथ जीना पहले से ही भारी लग सकता है, लेकिन जब यह आपकी दृष्टि को प्रभावित करने लगे तो यह और भी चिंताजनक हो जाता है। हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी ऐसी ही एक स्थिति है जिसके बारे में जानना और पहले से ही बचाव के उपाय करते रहना



जरूरी हो जाता है।

## हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी- आंखों की गंभीर समस्या

हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी, लंबे समय से अनियंत्रित ब्लड प्रेशर के कारण आंखों की रेटिना को प्रभावित करने वाली बीमारी है। यह तब होती है, जब उच्च रक्तचाप के कारण रेटिना की रक्त वाहिकाएं संकरी, मोटी या लीक होने लगती हैं, जिससे रेटिना को पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं।



रेटिना वो परत है, जो आंख के पीछे होती है और प्रकाश को ग्रहण कर उसे मस्तिष्क को भेजती है, जिससे हम देख पाते हैं। जब रक्तचाप अधिक होता है तो यह रेटिना की छोटी-छोटी रक्त नलिकाओं पर अत्यधिक दबाव डालता है, जिसकी वजह से वे संकुचित हो सकती हैं, उनमें सूजन भी आ सकती है, रक्तस्राव हो सकता है और यहां तक कि रेटिना का कार्य बाधित हो सकता है।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग नरूला कहते हैं, हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी, उच्च रक्तचाप के कारण रेटिना को होने वाली क्षति है। इसकी जटिलताओं को रोकने के लिए नेत्र परीक्षण द्वारा शीघ्र पहचान अत्यंत महत्वपूर्ण है। रक्तचाप को नियंत्रित करने से आंखों की इस समस्या को बढ़ने, रोकने या धीमा करने में मदद मिलती है।

हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता, यानी यह संक्रामक रोग नहीं है, इसका मुख्य कारण लंबे समय से अनियंत्रित रक्तचाप है। इस स्थिति के लिए मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान एवं शराब, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता जैसे कारक भी जिम्मेदार हैं। अगर आपको काफी समय से धुंधला दिखाई दे रहा है तो तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।



## कैसे करें इसकी पहचान?

हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी के शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, लेकिन रोग के बढ़ने पर धुंधलापन, आंखों के सामने तैरते धब्बे या रेखाएं, दृष्टि में कमी हो सकती है। बहुत दुर्लभ स्थिति में आंखों की रोशनी पूरी तरह से खत्म हो सकती है।

## आंखों की इस समस्या से बचाव कैसे करें?

हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, परंतु इसके प्रभावों को रोका और नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए रक्तचाप को नियंत्रित करना, दवाओं का नियमित सेवन, जीवनशैली में बदलाव, खाने में नमक और वसा को कम करना, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा 40 वर्ष की आयु के बाद नियमित नेत्र जांच कराना भी भविष्य में आपको इस समस्या से सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।



# पेट पर जमा चर्बी का असर होता है सुनने-देखने और स्वाद लेने की क्षमता पर भी

वैज्ञानिकों की टीम ने बताया है कि पेट की चर्बी हमारे स्वास्थ्य को अधिक व्यापक रूप से प्रभावित कर सकती है। ऐसे लोगों में सुनने और देखने की क्षमता से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और भोजन का ठीक से स्वाद लेने तक की समस्याएं विकसित हो सकती हैं। बढ़ा हुआ पेट सिर्फ आपके लुक को ही नहीं खराब करता है, बल्कि ये आपकी सेहत और शख्सियत दोनों के लिए ठीक नहीं है। इसे ऐसे भी समझें कि शर्ट से बाहर आने को आतुर पेट सिर्फ एक फैशन प्रॉब्लम नहीं, एक गंभीर हेल्थ अलार्म भी है।

पेट पर बढ़ी चर्बी (बेली फैट) को लेकर आपने अब तक यही सुना होगा कि इससे टाइप-2 डायबिटीज, हार्ट और मेटाबॉलिक गड़बड़ियों का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन एक नए अध्ययन में कई और चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं, जिससे साफ होता है कि पेट निकलना हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत समस्याकारक है।

हालिया शोध की रिपोर्ट से पता चलता है कि पेट पर जमा अतिरिक्त चर्बी सिर्फ अंदरूनी अंगों को ही नहीं, बल्कि हमारी पांच इंद्रियों में से तीन पर सीधा असर डाल सकती है।



इससे आपके सुनने-देखने और भोजन का स्वाद लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपका भी पेट निकला हुआ है तो इसपर गंभीरता से ध्यान देना और इसे कम करने का प्रयास बहुत जरूरी है। आम सी दिखने वाली ये समस्या असल में आपके संपूर्ण स्वास्थ्य की दुश्मन साबित हो सकती है।

## पेट की चर्बी कम कर सकती है सुनने-देखने की शक्ति

पेट निकलने को लंबे समय से आपके आहार और जीवनशैली की समस्या के संकेत के तौर पर देखा जाता रहा है। विसरल फैट (पेट की चर्बी) लिवर और हृदय जैसे महत्वपूर्ण अंगों के आसपास वसायुक्त ऊतकों का जमाव होता है।आमतौर पर ये उन कोशिकाओं से बनी होती है जो शरीर में विषैले रसायनों और हार्मोनों का स्त्राव करती है। यही कारण है कि बेली फैट वाले लोगों में इंफ्लेमेशन, हृदय रोग, स्ट्रोक और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण होने वाले अन्य दुष्प्रभावों को समझने के लिए अध्ययन कर रही वैज्ञानिकों की टीम ने बताया है कि पेट की चर्बी स्वास्थ्य को और अधिक व्यापक रूप से प्रभावित कर सकती है। ऐसे लोगों में सुनने और देखने की क्षमता से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और भोजन का ठीक से स्वाद लेने तक की समस्याएं विकसित हो सकती हैं।

## डिप्रेशन का भी बढ़ जाता है खतरा

वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन वयस्कों के पेट पर अतिरिक्त चर्बी होती है, उनमें अवसाद का खतरा भी अधिक होता है। चीन के जियांग्या स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने 7,258 मध्यम आयु वर्ग के उन पुरुषों और महिलाओं को इस शोध में शामिल किया जिनका बॉडी राउंडनेस इंडेक्स (लंबाई की तुलना में कमर की परिधि का माप) अधिक था। ऐसे लोगों में डिप्रेशन होने की समस्या, सामान्य पेट वालों की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा थी।



# माइक्रोवेव से सिर्फ बेकिंग ही नहीं, ले सकती हैं दूसरे काम भी

एक सवाल आपसे पूछा जाए कि आप माइक्रोवेव का इस्तेमाल किन चीज़ों के लिए करते हैं तो आप उसके लिए क्या कहेंगे? यकीन मानिए अधिकतर लोग माइक्रोवेव का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ खाना गर्म करने के लिए या केक बेक करने के लिए करते हैं। आपको शायद पता ना हो, लेकिन माइक्रोवेव से पूरा खाना भी तैयार किया जा सकता है।

अगर खाने-पीने को छोड़ दिया जाए तो भी माइक्रोवेव बहुत सारे ऐसे काम कर लेता है जिससे आपको घर में बहुत मदद मिल सकती है। जी हां, माइक्रोवेव का इस्तेमाल अगर आप ठीक तरह से करती हैं तो रोज़मर्रा के कुछ बहुत आसानी से हो सकते हैं। जानिए क्या हैं वो काम-

## कपड़ों को डाई करना

आपको शायद माइक्रोवेव की इस ताकत का अंदाज़ा नहीं है, लेकिन यकीन मानिए ये आपके क्राफ्ट्स और टी-शर्ट आदि को बहुत अच्छे से डाई भी कर सकता है। ऊन और सिल्क जैसे कपड़ों के लिए भी ये अच्छा साबित हो सकता है। बस एक बड़े बर्तन में पानी में कलरफुल ड्रिंक पाउडर या फिर कोई नेचुरल डाई डालकर माइक्रोवेव में रखें और उसमें वो कपड़ा डाल दें।

कुछ ही मिनटों में माइक्रोवेव की हीट कपड़ों में डाई कर देगी। हां, ध्यान रखें कि माइक्रोवेव की हीट बहुत ज्यादा ना हो और नायलॉन, सिंथेटिक जैसा कोई कपड़ा ना रखें जिसके आग पकड़ने की गुंजाइश हो।

## किसी लिफाफे से हटाएं स्टैंप-

किसी कागज से स्टैंप हटाने की कोशिश की जाए तो ये कागज हमेशा फट जाता है। ऐसे में आप अपने



स्टैंप कलेक्शन के लिए या किसी स्टैंप को रीयूज करने के लिए काम नहीं कर पाते। बिना डैमेज किए अगर स्टैंप को निकालना है तो उसके लिए माइक्रोवेव सबसे अच्छा साधन हो सकता है। सिर्फ 20 सेकंड के लिए इसे माइक्रोवेव में रखें और आप पाएंगे कि स्टैंप के पीछे का ग्लू बहुत ही आसानी से निकल गया है।

## मिट्टी को करें स्टेराइल-

गार्डनिंग के लिए स्टेराइल सॉइल काफी मददगार साबित हो सकती है। यकीनन मिट्टी में अगर कोई पेस्टिसाइड या फंगस होगी तो वो पौधे के लिए अच्छी नहीं होगी। ऐसे में मिट्टी को 90 सेकंड तक माइक्रोवेव करने से वो काफी हद तक स्टेराइल हो सकती है। अगर मिट्टी में पहले से कोई सीड्स होंगे या फिर वीड आदि उग रही होगी तो वो भी खत्म हो जाएंगे।

# दालचीनी का पाउडर घर में बढ़ाएगा पॉजिटिविटी



दालचीनी पाउडर को हमारी घर की किचन में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन आप अपने घर में पॉजिटिविटी को बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। पंडित जन्मेश द्विवेदी इस बारे में बता रहे हैं, जिससे आप के घर में सकारात्मक बदलाव दिखे।

## जानिए फायदे

दालचीनी की खुशबू काफी तेज होती है। इससे घर का वातावरण बिल्कुल शुद्ध हो जाता है। साथ ही, आपके जीवन में धन, सौभाग्य और समृद्धि आती है। इससे आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा भी दूर रहती है। सात ही, आपका मन धार्मिक कार्यों में लगता है। इससे आपके मन में भी पवित्रता बनी रहती है। इसलिए इसका इस्तेमाल घर में सकारात्मकता के लिए कर सकते हैं।

## किस तरह करें इस्तेमाल

दालचीनी का पाउडर आप दीये में डालकर इसे दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें। इससे आपके घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाएगी। घर में पॉजिटिव माहौल बना रहेगा। धन लाभ के लिए आप घर दालचीनी पाउडर को एक छोटी सी शीशी में डालें। इसमें एक सिक्का डालकर तिजोरी में रख दें। इससे आपके जीवन में स्थिरता बनी रहेगी। दालचीनी का पाउडर किसी से मांगकर इस्तेमाल न करें। इसका इस्तेमाल शनिवार या पूर्णिमा को घर पर छिड़काव करें। आप मुख्य द्वार पर पानी में मिलाकर इसे इस्तेमाल करें। लेकिन इसके बाद इस पानी को साफ न करें।

# हर माता-पिता के दिल में बसते हैं कुछ सपने, अपनी संतान से होती है उन्हें बहुत सी अपेक्षाएं

बच्चों को भी अपने माता-पिता के सपने, उनकी ख्वाहिशों के बारे में पता होना चाहिए, ताकि उन्हें पूरा कर वह अपने अभिभावक के जीवन में खुशहाली ला सकें। आपको जानना चाहिए उन सपनों के बारे में, जो लगभग हर मां-बाप अपने बच्चों के लिए देखते हैं।

किसी युगल के माता-पिता बनने के बाद उनके इच्छाओं में कुछ नई ख्वाहिशें शामिल हो जाती हैं। खुद से अधिक लोग अपने बच्चों के लिए सपने देखने लगते हैं। माता-पिता बिना कुछ कहे बच्चे के लिए हर संभव त्याग करते हैं। वे हर दिन अपने बच्चे की उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, वह भी बिना किसी अपेक्षा के। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वे अपने मन में बच्चों के लिए कौन-कौन से सपने संजोते हैं?

हर माता के कुछ समान लेकिन बेहद भावुक सपने होते हैं जो उनके बच्चे की सफलता, खुशहाली और अच्छे संस्कारों से जुड़े होते हैं। बच्चों को भी अपने माता-पिता के सपने, उनकी ख्वाहिशों के बारे में पता




होना चाहिए, ताकि उन्हें पूरा कर वह अपने अभिभावक के जीवन में खुशहाली ला सकें। इस लेख में जानते हैं उन 5 सपनों के बारे में, जो लगभग हर मां-बाप अपने बच्चों के लिए देखते हैं।

**बच्चा खुश रहे-** हर माता-पिता की सबसे बड़ी इच्छा होती है कि उनका बच्चा जीवन में खुश रहे, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा स्ट्रेस को संभालना सीखें, खुशी से जीएं और मानसिक शांति में रहें। बच्चा मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुलित रहे, यही सपना माता-पिता देखते हैं।

**आत्मनिर्भर बने-** बच्चा अपनी पहचान खुद बनाए, इस इच्छा के साथ माता-पिता उसे पढ़ाते लिखाते हैं। हर अभिभावक चाहता है कि बच्चा दूसरों पर निर्भर न होकर अपनी एक अलग पहचान बनाए। वो उसे मेहनती, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनते हुए देखना चाहते हैं ताकि जब वे साथ न हों, तब भी आप मजबूती से खड़े रह सकें।

**नैतिक और अच्छे संस्कारों वाला इंसान बने-** पढ़ाई, नौकरी और पैसा ज़रूरी है, लेकिन माता-पिता के लिए बच्चे के अंदर मानवीयता, सच्चाई और आदर्श सबसे बड़ी दौलत होते हैं। वे चाहते हैं कि आप एक अच्छा इंसान बनें, जिससे समाज में गर्व हो।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द वैम्पायर डायरीज' फेम पॉल ने की शादी, नताली को बनाया जीवनसाथी

'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे।



कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना। इस दौरान कुकेनबर्ग ने डिजाइनर गैलिया लाहव का सफेद सिल्क स्पैगेटी-स्ट्रैप गाउन पहना, जबकि वेस्ली ने काले रंग की टाई के साथ नीला सूट पहना। फोटो पर कमेंट करते हुए एक्ट्रेस नीना डोबरेव ने कपल को बधाई दी। डोबरेव और वेस्ली ने 'द वैम्पायर डायरीज' में साथ काम किया था। वेस्ली और कुकेनबर्ग ने 2025 में सगाई की थी। इंस्टाग्राम पर कुकेनबर्ग ने सगाई की घोषणा की थी। यह वेस्ली की तीसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी 2011 से 2013 तक एक्टर टोरी डेविटो से और 2019 से 2022 में तलाक होने तक ज्वैलरी एग्जीक्यूटिव इनेस डी रेमन से हुई थी। यह कपल चार साल से साथ है और उन्होंने इस खास मौके को अपने सबसे करीबी साथी, ग्रेग के साथ एक सादे समारोह में मनाने का फैसला किया, जिन्हें उनके खास दिन पर 'बेस्ट बॉय' का खिताब मिला।

### टॉलीवुड

## आग-बबूला हुईं 'जेलर 2' की अभिनेत्री अन्ना, पुलिस से की दखल देने की अपील

अपकमिंग फिल्म 'जेलर 2' की अभिनेत्री अन्ना राजन ने एक मामले को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मामले में केरल पुलिस से दखल देने की अपील की है। जानिए पूरा मामला।



मलयालम एक्ट्रेस अन्ना राजन ने सोशल मीडिया पर अपनी मॉर्फ्ड (बदली हुई) तस्वीरों के शेयर किए जाने पर चिंता जताई है। 'जेलर 2' की एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक ऐसे ही एडिट किए गए फोटो का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसे किसी और हैंडल से पोस्ट किया गया था। उन्होंने अपनी तस्वीरों के गलत इस्तेमाल की निंदा की। अन्ना ने इंस्टाग्राम पर यह खबर शेयर की और बताया कि उनकी एक तस्वीर को एडिट करके उसे बदनाम करने के मकसद से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने लिखा 'इस तस्वीर को बुरी नीयत से एडिट किया गया है और मेरी बेइज्जती करने के लिए अश्लील और अपमानजनक तरीके से पोस्ट किया गया है। यह शर्मनाक, अस्वीकार्य और मेरी प्राइवेसी और सम्मान का उल्लंघन है।' उन्होंने लिखा 'मैं आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर इस अकाउंट की रिपोर्ट कर रही हूं और कानून के तहत पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगी। जो कोई भी इस एडिट किए गए कंटेंट को बनाने या शेयर करने के लिए जिम्मेदार है, उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मैं तब तक इस मामले को आगे बढ़ाएंगे जब तक न्याय नहीं मिल जाता।'

उन्होंने आगे लिखा 'कृपया ऐसे अपमानजनक कंटेंट का समर्थन या उसे शेयर न करें। इस अकाउंट ने मेरी एक बुरी तरह से एडिट की गई और बदनामी करने वाली तस्वीर पोस्ट की है। मैं केरल पुलिस और साइबर क्राइम से तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध करती हूं।

### भोजपुरी

## बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचीं अक्षरा, दर्शन कर कुछ ऐसा बोलीं

भोजपुरी सिनेमा की क्वीन अक्षरा सिंह की लोकप्रियता अब बॉलीवुड तक पहुंच चुकी है। हाल ही में उन्हें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार के साथ एक गाने में देखा गया। इसके अलावा वे श्रद्धा कपूर की 'ईठा' में भी नजर आएंगी। इस बीच अदाकारा काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने पहुंचीं।



अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वे काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में हैं। तस्वीरों के साथ अक्षरा ने लिखा है, 'कुछ अनुभूतियां शब्दों से नहीं, केवल हृदय से व्यक्त होती हैं। मन शांत है, हृदय कृतज्ञ है। आपकी कृपा का वर्णन प्रतिदिन शब्दों से संभव नहीं। हर हर महादेव'।

वाराणसी यात्रा हो और घाट पर न जाया जाए, ऐसा कैसे संभव हो सकता है। अक्षरा सिंह ने भी नाव पर सवार होकर बनारस के घाटों का मनोरम दृश्य देखा। उन्होंने घाट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे नाव पर बैठी पोज दे रही हैं। अक्षरा सिंह ब्लू कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अक्षरा सिंह ने मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। वे इस फिल्म में एक धमाकेदार भोजपुरी डांस नंबर 'घिस घिस घिस' में अक्षय कुमार के साथ थिरकती हुई नजर आई हैं।

अक्षरा सिंह की अगली बॉलीवुड फिल्म 'ईठा' है, जिसमें श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं।

## रंगो भरा फैशन

युवा पीढ़ी का फैशन चटख रंगों, पारंपरिक संयोजनों और बोल्ड स्ट्रीट स्टाइल पर बहुत अधिक निर्भर करता है। वर्तमान युवा सौंदर्यशास्त्र शांत और सौम्य विलासिता के विकल्पों के बजाय ऊर्जावान आत्म-अभिव्यक्ति पर केंद्रित है। इसे युवा खूब पसंद कर रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

## ताजा गुलाब निखार लाएगा आपके चेहरे पर, देखते रह जाएंगे लोग

अगर आपके घर पर भी गुलाब का पौधा लगा है तो इसे चेहरे पर लगाने के फायदे जान लें। इससे आपको काफी फायदा मिलने वाला है। गुलाब देखने में कितना प्यारा लगता है। ये प्यार के साथ-साथ दोस्ती की भी निशानी होती है। लोग नये रिश्ते की शुरुआत करते समय गुलाब को ही तोहफे में देते हैं। खासतौर पर अगर गुलाब ताजा हो, तब तो उसकी खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। पर, क्या आप जानते हैं कि लाल गुलाब में ऐसे प्राकृतिक गुण होते हैं जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। खासकर घरेलू ब्यूटी रूटीन में गुलाब का प्रयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसी के चलते हम आपको स लेख में न सिर्फ चेहरे पर गुलाब इस्तेमाल करने का फायदा बताएंगे, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल का तरीका भी बताएंगे। ताकि आप घर बैठे गुलाबी रंगत वाली त्वचा पा सकें।

### इस्तेमाल का तरीका जान लें

यदि आप गुलाब का इस्तेमाल चेहरे पर करना चाहते हैं तो आप इससे टोनर बना सकते हैं। यदि टोनर नहीं बनाना है तो गुलाब की पत्तियों को पीसकर इससे फेस पैक तैयार करें। आप इसकी मदद से गुलाब जल तैयार करके उससे भी अपना चेहरा चमका सकते हैं। अब जान लेते हैं कि गुलाब आपके चेहरे को कैसे फायदा पहुंचाता है

### पिंपल्स और मुंहासे करेगा दूर

गुलाब जल या गुलाब की पेस्ट लगाने से पिंपल्स कम होते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुलाब की पंखुड़ियों में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्किन पर बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकते



हैं, इसलिए आप हफ्ते में तीन बार गुलाब की पंखुड़ियों से पैक बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### डार्क सर्कल्स और थकी हुई आंखें

यदि आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं या फिरआपकी आंखे सूजी रहती हैं, तो भी आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए चेहरे को साफ करके गुलाब की पंखुड़ियों को पीस लें। इसके बाद इस पेस्ट को आंखों के नीचे लगाएं और फिर असर देखें।

### सनबर्न से छुटकारा

यदि धूप से आपकी त्वचा झुलस गई है तो भी आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुलाब जल ठंडक देता है और धूप या एलर्जी से हुई जलन को शांत करता है।

## प्रिंटेड साड़ियां आपके लुक में लगाएंगी चार चांद



अगर आप बारिश के इस मौसम में स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप खास तरह की प्रिंटेड साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। ऐसी साड़ी में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। बारिश के पर्व त्योहारों पर महिलाएं सोलह श्रृंगार भी करती हैं, वहीं ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी स्टाइल करती हैं। ऐसे में पहनने के लिए साड़ियां आपको कई सारे रंग और डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप न्यू लुक और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो आप प्रिंटेड साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा।



### ब्लॉक प्रिंट साड़ी

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं, तो ब्लॉक प्रिंट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इश साड़ी में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है और इस साड़ी को स्टाइल करने के बाद आप अलग और स्टाइलिश नजर आएंगी। इस तरह की साड़ियां आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी जिन्हें आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सस्ते दाम में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ झुमके पहन सकती हैं।



### जरी वर्क शिफॉन साड़ी

अगर आप इस खास मौके पर लाल रंग की साड़ी सर्च कर रही हैं, तो आप रेड जरी वर्क शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में जरी वर्क किया हुआ है और यह शिफॉन फैब्रिक में है। यह साड़ी खास मौके पर ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस साड़ी में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। यह साड़ी आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से लगभग 1,500 रुपये की कीमत में मिल सकती है।

## बारिश में भी त्वचा हो रही है काली तो करें घरेलू उपाय

धूप की वजह से स्किन पर टैनिंग होना बेहद स्वाभाविक है, लेकिन बारिश की वजह से भी स्किन पर टैनिंग होने लगी है। इस टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए हम यहां कुछ घरेलू नुस्खे आपको बताने जा रहे हैं। अक्सर लोगों को लगता है कि टैनिंग सिर्फ धूप से होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। बारिश के मौसम में भी टैनिंग लोगों को खूब परेशान करती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आप जिद्दी टैनिंग से छुटकारा पा सकते हैं।

### पहला नुस्खा

अगर बात करें पहले नुस्खे की तो इसे आजमाने के लिए आपको 2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच दही, एक चुटकी हल्दी, कुछ बूंदें नींबू का रस की जरूरत पड़ेगी। आपको इन तीनों चीजों को मिलाकर पेस्ट बनाना है। जब ये पेस्ट तैयार हो जाए तो इसे अपने हाथों के साथ-साथ उस त्वचा पर अप्लाई करें, जहां की स्किन पर टैनिंग हुई हो। अब 15-20 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़कर धो लें। इस पैक को इस्तेमाल



करने से मृत त्वचा हटती है, जिससे त्वचा में निखार आता है।

### दूसरा नुस्खा

बात करें दूसरे नुस्खे की तो इसको ट्राई करने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आलू की जरूरत पड़ेगी। आपको सबसे पहले आलू का रस निकालना पड़ेगा। कच्चे आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकालें और त्वचा पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें। आलू में ब्लीचिंग एजेंट होते हैं जो त्वचा का रंग साफ करते हैं। इस नुस्खे को ट्राई करने के लिए आपको टमाटर की जरूरत पड़ेगी।

## हील्स खरीदते वक्त ध्यान में रखें कुछ बातें, वरना खुद को संभालना होगा मुश्किल

सही हील्स आपके लुक को न सिर्फ खूबसूरत बना सकती हैं बल्कि इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में इसे खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। जिस तरह से अलग तरह के आउटफिट के साथ अलग-अलग ज्वेलरी और मेकअप कैरी किया जाता है, ठीक उसी तरह से हर अलग आउटफिट के साथ फुटवियर भी अलग तरीके के कैरी किए जाते हैं। इन्हीं फुटवियर में शामिल हैं हील्स, जिसे पहनकर न सिर्फ लुक क्लासी और खूबसूरत दिखता है, बल्कि इसे पहनकर महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में हर महिला के पास हील्स का शानदार कलेक्शन होता है। यदि आपको हील्स पहनना पसंद है लेकिन कभी सही हील्स नहीं खरीद पाती हैं तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। दरअसल, हील्स खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य ही रखना चाहिए, वरना आप बारिश के

### कंफर्ट को दें प्राथमिकता

यदि हील्स खरीदने जा रही हैं तो इसे पहनकर चलकर देखें। कभी भी बिना ट्राई किए हील्स न खरीदें। इस बात



का हमेशा ध्यान रखें कि यदि हील्स आरामदायक नहीं होंगी तो इसे पहनकर आप खुद असहज महसूस करेंगी। कई बार गलत हील्स के चुनाव से पैरों के अलावा कमर में भी दर्द होने लगता है। इसकी वजह से आपको काफी दिक्कत हो जाएगी।

### सही होना साइज

न तो ज्यादा ढीली और न ही ज्यादा टाइट, हील्स हमेशा परफेक्ट होनी चाहिए। सही फिटिंग वाली हील्स ही पैर में अच्छी लगती हैं।

कार्नर न्यूज

मेकअप लगाना अच्छी बात है लेकिन इसे हटाना होता है मुश्किल

## मेकअप करने के बाद इसे सही ढंग से हटाना भी बेहद जरूरी, जानिए स्टेप-बाय-स्टेप तरीका

हल्का-सा मेकअप का टच-अप आपकी खूबसूरती को निखार देता है और आत्मविश्वास भर देता है। जानकार कहते हैं कि इसे सही समय पर और सही तरीके से हटाना भी बेहद जरूरी है।

कोई शादी हो, पार्टी हो या ऑफिस जाना हो, आप जरूरत के हिसाब से अपनी सुंदरता को उभारने के लिए लाइट और हैवी मेकअप करती हैं। असल में मेकअप में चेहरे की सुंदरता को उभारने के लिए विभिन्न कॉस्मेटिक उत्पादों का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं। इसलिए विशेषज्ञ मेकअप सही समय पर सही तरीके से हटाने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आपको सही तरीका पता है?

### माइल्ड मेकअप रिमूवर

अक्सर महिलाएं थकान या आलस के कारण मेकअप हटाए बिना ही सो जाती हैं, लेकिन यह स्किन के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। मेकअप रात भर चेहरे पर रहने से पोर्स बंद हो जाते हैं और त्वचा सांस नहीं ले पाती, जिससे पिंपल्स, डलनेस और स्किन एलर्जी की समस्या हो सकती है।




इसलिए चाहे दिन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, मेकअप जरूर हटाएं। इसके लिए माइल्ड मेकअप रिमूवर, क्लींजिंग ऑयल या माइसेलर वाटर का इस्तेमाल करें। कॉटन पैड पर रिमूवर लेकर हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे साफ करें, ताकि स्किन को कोई नुकसान न हो।

### आंखों के लिए अलग

आई मेकअप हटाने के लिए हमेशा अलग और सौम्य आई मेकअप रिमूवर का उपयोग करें, क्योंकि आंखों की त्वचा बेहद नाजुक और संवेदनशील होती है। मस्कारा, काजल और आईलाइनर को हटाते समय ध्यान रखें कि जोर से न रगड़ें। एक कॉटन पैड को रिमूवर में अच्छी तरह भिगो लें और उसे कुछ सेकंड्स तक आंखों पर रखें। इससे मेकअप ढीला हो जाएगा। फिर हल्के हाथों से पोंछते हुए आई मेकअप को साफ करें। यह तरीका आंखों को नुकसान पहुंचाए बिना मेकअप हटाने में कारगर होता है।

### अब फेस वॉश की बारी

जब मेकअप पूरी तरह से कॉटन से हट जाए, तब एक माइल्ड फेस वॉश लें, जो आपकी स्किन टाइप का हो। ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग और ऑयली स्किन के लिए ऑयल-कंट्रोल फेस वॉश बेहतर रहता है। अब हल्के हाथों से फेस वॉश को चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज कर सामान्य या ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे स्किन पर बचा हुआ मेकअप, धूल-मिट्टी और अतिरिक्त ऑयल साफ हो जाता है और स्किन फ्रेश, क्लीन तथा



सांस लेने के लिए तैयार हो जाती है।

### टोनर और मॉइश्चराइजर

मेकअप हटाने और चेहरा धोने के बाद त्वचा अक्सर रूखी महसूस होती है, इसलिए उसे मॉइश्चराइज करना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए लाइटवेट या हाइड्रेटिंग मॉइश्चराइजर का उपयोग करें, जो त्वचा में नमी बनाए रखता है और स्किन को हाइड्रेट रखता है। इसके साथ ही टोनर का इस्तेमाल करना भी जरूरी है, क्योंकि यह त्वचा का पीएच बैलेंस करता है, ओपन पोर्स को टाइट करता है और चेहरे को ताजगी प्रदान करता है।